NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 13 अंक: 206 लखनऊ, शनिवार 09 मार्च 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दी बधाई, सिलेंडर पर 100 रुपये छूट की घोषणा

एजेंसी।

नयी दिल्ली। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''महिला दिवस के अवसर पर आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है।'' उन्होंने कहा कि इससे नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति को बधाई दी और इस अवसर पर एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट की घोषणा की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''महिला दिवस के अवसर पर आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है।'' उन्होंने कहा कि इससे नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। उन्होंने कहा, ''यह कदम पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार बनेगा, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा।'' मोदी ने कहा कि रसोई गैस को और अधिक किफायती बनाकर सरकार का लक्ष्य परिवारों की भलाई और एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना भी है। उन्होंने कहा, ''यह महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए 'इज ऑफ लिविंग सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।'' इससे पहले, मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को बधाई दी, उनकी ताकत, साहस और दृढ़ता को



सलाम किया और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा, ''हमारी सरकार शिक्षा, उद्यमिता, कृषि, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में पहल के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पिछले दशक की हमारी उपलब्धियों में भी परिलक्षित होता है।'' प्रधानमंत्री ने एक के बाद एक पोस्ट में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का जिक्र किया और इससे महिलाओं को मिल रहे लाभ को रेखांकित किया। पीएम स्वनिधि योजना का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इससे गरीब से गरीब कामगारों के जीवन में भी खुशियां आई हैं और इनमें बड़ी संख्या में माताएं–बहनें भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी योजना देशभर में महिलाओं को सशक्त बनाने का एक बड़ा माध्यम बन रही है।

## योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री बनने के बाद गृह जनपद पधारने पर सुनील कुमार शर्मा का पूरे महानगर में व भाजपा कार्यालय पर हुआ जोरदार स्वागत

संवाददाता।

गाजियाबाद प्रदेश सरकार में नियुक्त कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा के अपने गृह जनपद गाजियाबाद में उनके प्रथम बार आगमन पर गाजियाबाद महानगर में उनका 100 से भी अधिक जगहों पर स्वागत किया गया । जगह–जगह स्वागत कार्यक्रम के लिए जोशीले कार्यकर्ता डटे हुए थे। देश की सबसे बड़ी विधानसभा साहिबाबाद विधानसभा से विधायक सुनील कुमार शर्मा को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रिमंडल विस्तार करके सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाते हुए अहम जिम्मेदारी दी हैं। प्रदेश सरकार में नियुक्त कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा के अपने गृह जनपद गाजियाबाद में उनके प्रथम बार आगमन पर गाजियाबाद महानगर में उनका 100 से भी अधिक जगहों पर



स्वागत किया गया । जगह–जगह स्वागत कार्यक्रम के लिए जोशीले कार्यकर्ता डटे हुए थे। स्वागत में कार्यकर्ताओं ने शहरभर में स्वागत होर्डिंग लगाए । उनका स्वागत कार्यक्रम तीन घंटे तक चला। संगठन के द्वारा 50 स्थान आवंटित किए जाने के बावजूद पार्टी कार्यकर्ता उनके आगमन पर 100 स्थान से भी अधिक स्थानों पर उनके भव्य स्वागत की तैयारियों में जुट गए। कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा का स्वागत शुभारम्भ दोपहर 2रू00 बजे यूपी बॉर्डर आगमन पर स्वयं समस्त महानगर पदाधिकारीयों के साथ किया । उसके उपरांत मुख्य तौर पर कौशांबी थाना, डाबर, वैशाली मेट्रो, कंट्री इन होटल, साहिबाबाद मंडी, साहिबाबाद गांव, मोहन नगर, रोडवेज बस अड्डा, मोहन नगर मंदिर, अर्थला पीर, चौधरी चरण

## 1769 करोड़ लगभग की लागत से देवरिया बस स्टेशन का होगा रिनोवेशन

## देवरिया बस स्टेशन पर यात्रियों को मिलेंगी सभी सुविधाएं – श्री दयाशंकर सिंह

ब्यूरो लखनऊ।

शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि जनपद देवरिया स्थित पुराने बस स्टेशन परिसर में व्यवसायिक काम्पलेक्स, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय एवं बेसमेंट में पार्किंग का निर्माण जल्द किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसके निर्माण में रू0 1769.32 लाख (रूपये सत्रह करोड़ उन्हत्तर लाख बत्तीस हजार मात्र)का खर्च आने का अनुमान है। परिवहन मंत्री ने बताया कि इसके निर्माण हेतु उ०प्र० प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड को कार्यदायी संस्था नामित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रथम किश्त के रूप में 25 प्रतिशत के समतुल्य धनराशि रू0 442.33 (रूपये चार करोड़ बयालीस लाख तेतीस हजार मात्र) श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा होगी। परिवहन मंत्री ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के क्रम में परिवहन निगम प्रदेश एयरपोर्ट जैसे सुविधाओं से युक्त बस स्टेशन का निर्माण कर रहा है ताकि बस स्टेशन पर ही यात्रियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। देवरिया बस स्टेशन के निर्माण से इस क्षेत्र में विकास को और बल मिलेगा।

## जम्मू-कश्मीर में टूटा गया प्छक्। गठबंधन, महबूबा बोलीं श्अकेले चुनाव लड़ेगी

एजेंसी।

जम्मू–कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (PDP) के आगामी लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने की संभावना है। लोकसभा चुनाव 2024रू ए.छ.क.ए. । ब्लॉक की एकता को एक और झटका देते हुए, जम्मू–कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (च्क्च) के आगामी लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने की संभावना है। यह घटनाक्रम नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) नेता और जम्मू–कश्मीर के पूर्व सीएम उमर अब्दुल्ला के उस बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि वे कश्मीर में सभी तीन सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। उमर अब्दुल्ला के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए, महबूबा मुफ्ती ने कहा, ष्उमर अब्दुल्ला ने खुद कहा था कि वे गठबंधन में नहीं हैं। हम चाहते थे कि पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकर डिक्लेरेशन (च।ळक) जारी रहे लेकिन हर कोई जानता है कि इस च।ळक को किसने खत्म किया। हम कांग्रेस से बात करेंगे। चूंकि हम ए.छ.क.ए.। ब्लॉक गठबंधन में हैं और देखते हैं कि आगे कैसे बढ़ना है... च।ळक एक लोकतांत्रिक और अद्वितीय गठबंधन था लेकिन जिस तरह से इसे बिखेर दिया गया है वह बहुत निराशाजनक है। देश में जो कुछ भी हो रहा है उसके लिए जम्मू और कश्मीर एक प्रयोगशाला है जिसका सामना करना पड़ रहा है एक बड़ी चुनौती है और इसलिए हमें सामूहिक प्रयास करना चाहिए था। हमने (पीडीपी) बहुत प्रयास किए, लेकिन उन्होंने (उमर अब्दुल्ला) हमसे बिना किसी परामर्श के घोषणा कर दी कि वे तीनों सीटों पर चुनाव लड़ेंगे. विकास पर बात करते हुए मुफ्ती ने आगे कहा, जैसा कि आप सभी जानते हैं कि 5 अगस्त, 2019 के बाद जम्मू–कश्मीर में स्थिति बदल गई है और लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है३ हमने लोगों के लिए एकजुट होने का फैसला किया और जैसा कि आपको याद है मैं उनके आवासों पर गया था। कई नेताओं और फिर हमें नजरबंद रखा गया... उमर और फारूक अब्दुल्ला, हम सभी इस बात पर आम सहमति पर आए कि हम एकजुट होकर काम करेंगे। महबूबा ने कहा हम अभी भी लोगों को कठिनाइयों का सामना करते हुए देख रहे हैं, यहां तक कि जेल में बंद युवाओं को कानूनी मदद भी नहीं मिल रही है... हमारी पार्टी के साथ भी ऐसा ही हुआ और इन सभी को ध्यान में रखते हुए, हमने पीएजीडी के आकार में प्रतिरोध बनाने के लिए कई बैठकें कीं... लोगों ने विश्वास करना शुरू कर दिया पीएजीडी, आप भी जानते हैं कि हम एकजुट थे... और जब डीडीसी चुनाव हुआ, तो हम सामूहिक रूप से लड़े.. महबूबा ने कहा यही कारण है कि जब ए.छ.क.ए.। ब्लॉक आया और मैंने फारूक अब्दुल्ला को फोन करने की सलाह दी और सुझाव दिया... मुझे आश्चर्य है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस (छब्) ने आज कहा कि PDP का कहीं भी अस्तित्व नहीं है...

## एनआईए ने शिवमोग्गा आईएसआईएस साजिश मामले में संदिग्धों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया

एजेंसीं

नई दिल्ली राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शिवमोग्गा आईएसआईएस साजिश मामले में एक अतिरिक्त आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है, शुक्रवार को आधिकारिक बयान मे कहा गया कि मंगलुरु में आईएसआईएस और लश्कर–ए–तैयबा (एलईटी) जैसे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों का समर्थन करने वाले भित्तिचित्रों के निर्माण से संबंधित है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शिवमोग्गा आईएसआईएस साजिश मामले में एक अतिरिक्त आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है, शुक्रवार को आधिकारिक बयान मे कहा गया कि मंगलुरु में आईएसआईएस और लश्कर–ए–तैयबा (एलईटी) जैसे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों का समर्थन करने वाले भित्तिचित्रों के निर्माण से संबंधित है। एनआईए ने अपने पूरक आरोप पत्र में 2022 में दर्ज मामले में मोहम्मद शारिक और माज मुनीर अहमद को आरोपित करने के साथ–साथ अराफात अली को भी शामिल किया। पिछले साल 14 सितंबर को केन्या से लौटने पर दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पकड़े गए अली ने कथित तौर पर जनवरी 2020 में भित्तिचित्र बनाने के लिए अन्य संदिग्धों को कट्टरपंथी बनाया और भर्ती किया। एनआईए प्रवक्ता के अनुसार, अली दो फरार संदिग्धों – अब्दुल मथीन ताहा और मुसाविर हुसैन शाजेब के साथ संबंध के कारण एक अन्य मामले, अल–हिंद मॉड्यूल मामले में गिरफ्तारी से बचने के लिए पहले दुबई भाग गया था।



जांच से पता चला कि अली ने ताहा और शाजेब के निर्देशों के तहत शारिक, अहमद और अन्य को मंगलुरु में आईएसआईएस, लश्कर–ए–तैयबा और तालिबान का समर्थन करने वाली भित्तिचित्र बनाने के लिए प्रेरित किया। एनआईए का आरोप है कि अली अपने सहयोगियों और ऑनलाइन हैंडलर के साथ मिलकर आईएसआईएस की आतंकवादी गतिविधियों को आगे बढ़ाने की व्यापक साजिश में शामिल था। उन्होंने कथित तौर पर भित्तिचित्र रचनाकारों को क्रिप्टोकरेंसी के रूप में अपने ऑनलाइन हैंडलर से प्राप्त धन से मुआवजा दिया। इससे पहले, एनआईए ने शारिक और अहमद सहित नौ आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मुख्य और पूरक आरोप पत्र दायर किया था। अधिकारी ने कहा, मामले की जांच जारी है।

## महिला दिवस पर निहारिका साहित्य मंच ने महिलाएं को किया सम्मानित

लखनऊ(आरएनएस) ।आज पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं पर मजाक बनाना आसान है,महिलाओं का उत्पीड़न करना आसान है महिलाओं को कमजोर समझना आसान है,महिलाओं को कैद में रखना आसान है ।जबकि जरूरत है महिलाओं को महान समझना ।क्योंकि महिलाएं हैं तो रौनक है,बरकत है, रहमत है, महिलाएं हैं तो मातृत्व है, समाज है,खानदान है,महिलाएं हैं तो करुणा है, हमदर्दी है और मुहब्बत है। इनके बिना या इनके सहयोग के बिना घर सिर्फ ईंट गारा है और पूरी दुनिया अधूरी है और जब समाज में इनका योगदान पुरुष के बराबर है या यों कहें पुरुष के योगदान के मुकाबले और ज्यादा है तो कई स्तर पर इनकी उपेक्षा क्यों ।महिलाओं के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करते हुए,निहारिका साहित्य मंच तथा कंट्री ऑफ इण्डिया द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पर जगत जननी स्वरूप मातृत्व व समाज के प्रति अपना बेहतरीन योगदान देने वाली कई महिलाओं को निहारिका साहित्य मंच तथा कंट्री ऑफ इण्डिया के तत्वधान में गोमती नगर स्थित होटल सौभाग्यंम में सम्मानित किया गया।

## फिक्की फ्लो लखनऊ ने आयोजित किया प्रतिष्ठित फ्लो यूपी वोमेन्स अवार्ड

लखनऊ(आरएनएस)। फिक्की फ्लो लखनऊ चौप्टर ने आज होटल हयात रीजेंसी लखनऊ में प्रतिष्ठित फ्लो यूपी वोमेन्स अवार्ड का आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी और बॉलीवुड की प्रसिद्ध कोरियोग्राफर, पटकथा लेखक और निर्माता निर्देशक फराह खान विशिष्ट अतिथि थीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रजनी तिवारी ने कहा कि फिक्की फ्लो महिलाओं के लिए व्यापक रूप से कार्य कर रही हैं।महिलाएं चुनौतियों का सामना करते हुए अपनी सफलता की सीढ़ियां चढ़तीहैं।हमें आज यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने साथ की महिलाओं को भी आगे बढ़ाने का काम करना चाहिए।इस मौके पर फिक्की फ्लो लखनऊ चौप्टर की चेयरपर्सन स्वाति वर्मा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम की इवेंट चेयर थीं। उन्होंने कहा कि फ्लो यूपी अवार्ड्स फ्लो कैलेंडर की सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमो में से एक है क्योंकि यह आयोजन न केवल पहचान और पुरस्कार देता है बल्कि हमारे राज्य की असाधारण महिलाओं द्वारा किए गए कार्यों का उत्सव भी मनाता है।महिलाएं जिन्होंने हमारे समाज में एक क्रांतिकारी परिवर्तन लायी है और कई अन्य लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। ये महिलाएं हमारे देश की सच्ची नेता हैं जो देश और प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य को बनाने में मदद करती हैं। हाल के दशकों में सबसे क्रांतिकारी परिवर्तनों में से एक व्यवसायों में महिलाओं की बढ़ती प्रमुखता रही है। जैसे–जैसे समय बदलता है, भारत में महिला उद्यमियों के उदय ने सिद्ध किया है कि व्यवसाय में महिलाएं पुरुषों से किसी मायने में कम नहीं हैं। इस वर्ष फ्लो यूपी महिला पुरस्कारों का 9वें संस्करण का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष महिलाओं की असाधारण उपलब्धि के लिए व्यक्तिगत महिलाओं को दिए जाने सम्मानों की एक श्रृंखला है। इस वर्ष एफएलओ ने 8 श्रेणियों की महिलाओं को सम्मानित किया और महिला उद्यमिता पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।

## कांग्रेस को आईटीएटी से झटका, बैंक खातों पर आयकर विभाग की कार्रवाई पर स्टे की याचिका खारिज

एजेंसी।

नई दिल्ली आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) ने कांग्रेस पार्टी द्वारा दायर उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें बकाया वसूलने और उनके बैंक खातों को फ्रीज करने के लिए आयकर विभाग की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की गई थी ।आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) ने कांग्रेस पार्टी द्वारा दायर उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें बकाया वसूलने और उनके बैंक खातों को फ्रीज करने के लिए आयकर विभाग की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की गई थी। कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील विवेक तन्खा ने आईटीएटी से आग्रह किया कि उन्हें उच्च न्यायालय में अपील करने की अनुमति देने के लिए आदेश को दस दिनों के लिए निलंबित कर दिया जाए। तन्खा ने पार्टी के वित्तीय मामलों के लिए निर्णय के महत्वपूर्ण परिणामों पर जोर देते हुए कहा, ष्चूंकि आपने स्थगन आवेदन खारिज कर दिया है, जिसके पार्टी के लिए दूरगामी परिणाम होंगे। क्या मैं अदालत से आदेश को 10 दिनों के लिए स्थगित रखने का अनुरोध कर सकता हूं?ष कि मैं उच्च न्यायालय जा सकता हूँ?" हालाँकि, अपीलीय



न्यायाधिकरण ने इस तरह के आदेश जारी करने के अधिकार की कमी का हवाला देते हुए याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। मामले की पृष्ठभूमि स्थगन आवेदन आईटी विभाग की 210 करोड़ रुपये की मांग से संबंधित था, जो 2018–19 के आयकर रिटर्न के संबंध में उठाया गया था। कांग्रेस ने तर्क दिया कि उनके बैंक खाते पर ग्रहणाधिकार ने उनकी वित्तीय स्थिति को गंभीर रूप से प्रभावित किया, खासकर आगामी आम चुनावों को देखते हुए। तर्क प्रस्तुत किये गये 22 फरवरी को सुनवाई के दौरान, तन्खा ने तर्क दिया कि पार्टी आर्थिक रूप से विवश थी, विशेष रूप से अपने चुनाव अभियान के लिए धन की आवश्यकता के कारण। उन्होंने चुनाव लड़ने में होने वाले महत्वपूर्ण खर्चों पर प्रकाश डाला, जिसमें प्रत्येक उम्मीदवार को जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत 95 लाख रुपये तक खर्च करने की अनुमति थी। आईटी विभाग की प्रतिक्रिया आईटी विभाग ने 21 फरवरी को पार्टी के पर्याप्त वित्तीय संसाधनों का हवाला देते हुए तर्क दिया कि यह मांग कांग्रेस की चुनावी गतिविधियों में बाधा नहीं बनेगी। पिछले आरोप और स्पष्टीकरण 16 फरवरी को, कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन ने आरोप लगाया कि पार्टी के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए थे, आईटी विभाग ने 210 करोड़ रुपये की मांग की थी। हालाँकि, तन्खा ने बाद में स्पष्ट किया कि प्ज।ज ने कांग्रेस को ग्रहणाधिकार के साथ, बैंक खातों को संचालित करने की अनुमति दी थी। आईटी विभाग का बयान आईटी विभाग ने पलटवार करते हुए कहा कि उन्होंने कांग्रेस के बैंक खातों में लेनदेन पर रोक

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर श्रेया फाउंडेशन ने दिया रानी लक्ष्मीबाई सम्मान – 2024

लखनऊ(आरएनएस) ।श्रेया फाउंडेशन के तत्त्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की संध्या पर विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं को होटल औरनेट में सम्मानित किया गया ।इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत फाउंडेशन के अध्यक्ष हेमंत कुमार राय , संगीता राय ,श्रेया राय , फिल्म अभिनेता आदित्य पंचोली और फिल्म अभिनेत्री जरीना वहाब आदि के द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई स तत्पश्चात म्यूजिक एल्बम भारत की बेटियां बम बम भोले तथा साढे साती को लांच किया गया ।इस अवसर पर कंपनी के अध्यक्ष और क्रिएटिव हेड हेमंत कुमार राय ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश में महिला सुरक्षा को लेकर के बहुत अच्छे निर्णय लिए हैं इसी क्रम में हमारी फाउंडेशन समाज की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित कर हम लोगों को प्रसन्नता हो रही है ।श्रेया फाउंडेशन की उपाध्यक्ष संगीता राय ने बताया कि किसी भी राष्ट्र का निर्माण महिला के बिना संभव नहीं है, हमारी संस्था निरंतर महिलाओं के उत्थान, सुरक्षा तथा शिक्षा को लेकर के कार्य कर रही है ।को प्रोड्यूसर शालिनी मिश्रा ने बताया बताया कि महिला दिवस के अवसर पर हमारी कंपनी ने भारत की बेटियां नमक एल्बम राष्ट्र को समर्पित किया है तथा हमारी कंपनी निरंतर उत्तर प्रदेश के नए कलाकारों को प्रोत्साहित कर उनको विभिन्न प्रकार के प्लेटफार्म पर लाकर के उनको रोजगार के साधन उपलब्ध करा रही है फिल्म अभिनेता आदित्य पंचोली ने कहा कि श्रेया फाउंडेशन ने भारत की बेटियां एल्बम लॉन्च करके उत्तर प्रदेश की महिलाओं के लिए एक मोटिवेशनल संदेश दिया है स फिल्म अभिनेत्री जरीना वहाब ने कहा की किसी की भी राष्ट्र की प्रगति में महिलाओं का भी 50: का योगदान होता है ।इस अवसर पर डॉ अनीता सहगल ( कलस) , रूमाना सिद्दीकी( सामाजिक कार्यकर्ता), फिजा हुसैन (फैशन), बिंदिया सलिल (गायिका), पायल मित्र, सुप्रिया तिवारी , प्रेमा देवी, डी पद्मावती, शालिनी मिश्रा ,संजना मिश्रा ,आस्था पांडे, शालिनी त्रिपाठी, सरिता यादव, रेखा सिंह, गजसलस फातिमा ,रेखा यादव ( एंटरप्रेन्योर) स डॉक्टर सत्यस सिंह (उत्तर प्रदेश पुलिस) डॉक्टर नीमा पंथ, डॉक्टर अलमास किदवई, हाई कोर्ट अधिवक्ता प्रमिला मिश्रा, रजिया नवाज (सामाजिक कार्यकर्ता) रीता सिंह, सीमा अग्रवाल (शिक्षा ), यशिका सिंह (स्पोर्ट्स), शाहाना सिद्दीकी (सामाजिक कार्यकर्ता), परवीन आजाद ,समीना सिद्दीकी, इशिका अरोड़ा ,प्रभाती पांडे काजल इसरानी, मंजू श्रीवास्तव रही।

# उत्तर रेलवे ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

नई दिल्ली आयोजित समारोह के अंतर्गत, उत्तर रेलवे के पांच स्टेशनों को पिंक स्टेशन घोषित किया गया तथा इन स्टेशनों पर महिला स्टाफ द्वारा ट्रेनें चलाई जा रही हैं महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों को चिह्नित करने और महिला समानता के बारे में जागरूकता लाने , लैंगिक समानता बढ़ाने के लिए हर साल 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों को उजागर करना है। समारोह के हिस्से के रूप में, आज उत्तर रेलवे के पांच स्टेशनों यथा फिरोजपुर मंडल पर फिरोजशाह, अंबाला मंडल पर मोहाली, लखनऊ मंडल पर मल्हौर तथा मानक नगर और दिल्ली मंडल पर दिल्ली सफदरजंग को पिंक स्टेशन घोषित किया गया है । इन सभी स्टेशनों पर महिला कर्मचारियों द्वारा ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इन स्टेशनों का प्रबंधन महिला कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। गार्ड, सहायक स्टेशन मास्टर, लोको पायलट और आरपीएफ की ड्यूटी भी महिला कर्मचारियों द्वारा निभाई जा रही है । पिंक स्टेशन, रेलवे में एक नयी पहल है। ये स्टेशन केवल महिला कर्मचारियों द्वारा चलाए जाते हैं और उनके द्वारा ही प्रबंधित भी किए जाते हैं। यह पहल महिलाओं को सशक्त बनाने का अच्छा तरीका है क्योंकि यह महिला कर्मियों और यात्रियों के लिए एक सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराता है। यह पहल ऐसे लोगों को आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने के साथ ही साथ सहायक समुदाय बनाने के लिए एक मंच प्रदान करने का भी माध्यम है। ( दीपक कुमार) मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी



# निराला नगर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पहुंची

## नर्मदेश्वर मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय श्री शिव पार्वती विवाहोत्सव हुआ सम्पन्न

लखनऊ (आरएनएस)। शिवरात्रि के महापर्व पर निराला नगर में चार पीढ़ियों से प्रतिष्ठित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में जेसी फाउंडेशन और धर्म रक्षा समिति सप्तर्षि कुलम की ओर तीन दिवसीय श्री शिव पार्वती विवाहोत्सव का आयोजन किया गया। पहले दिन मंडप स्थापना, मंगल गीत, शिव भजन, वेद मन्त्रों का पाठ, मातृ पूजन और यज्ञ के बाद गुरुवार को हल्दी, तेल और पितृ पूजन के साथ भजन संध्य भी हुई। केन्द्रीय आयोजन महाशिवरात्रि के दिन शुक्रवार 8 मार्च की शाम को ष्वर यात्राष निकाली गई। यह वर यात्रा केशव नगर के प्रतिष्ठित गंगेश्वर महादेव मंदिर, से गाजे बाजे और जयकारों के साथ मुख्य पूजन स्थल निराला नगर के जे.सी. गेस्ट हाउस स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। वहां यात्रा का स्वागत पुष्प, फल, मिष्ठान वितरण के साथ ही किया गया।महाशिवरात्रि पर पहली बार से ब फलों से तैयार बंधनवार को मंदिर परिसर में लगाकर बाबा नर्मदेश्वर से निरोगिता का वरदान मांगा गया। सुबह चार बजे भस्म आ रती की गई। छितवापुर स्थित शिव प्रसाद संस्कृत महाविद्यालय के बटुकों द्वारा आरती पूजन का कार्य किया गया। पांच सौ वर्षों के लम्बी प्रतीक्षा के बाद अयोध्या तीर्थ में स्थापित बालक राम की छवि सदृश्य भव्य श्रृंगार बाबा नर्मदेश्वर का किया गया जो आकर्षण का केन्द्र बना। बड़ी संख्या में लोगों ने उस श्रृंगार के साथ सेल्फी भी ली। इसके साथ ही भक्तों ने दुग्ध और जलाभिषेक के साथ ही धतूरा, फल बेलपत्र आदि अर्पित किये। प्रसाद के रूप में भक्तों को ठंडाई और खीर का वितरण सनातनी भक्त सपना गोयल की ओर से करवाया जा रहा है। लोकप्रिय भजन गायक प्रीति लाल ने सरस भजन सुनाए। अंजू अग्रवाल की विष्ट की इस आयोजन में विशिष्ट भूमिका रही। आचार्य आशुतोष चौबे ने पूजन अनुष्ठान सम्पन्न करवाए। परिसर की सज्जा और उमड़े भक्तों का तांता देखते ही बना। इस अनुष्ठान में कृष्णा साहू, अशोक अग्रवाल कुमार अग्रवाल, मनीष कुमार अग्रवाल, पूनम कुमारी अग्रवाल, चन्द्रलता अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल सहित श्रेया, नमन, अराधना सहित अन्य विशिष्ट जन उपस्थित रहे। आचार्य रमाकांत की अगुआई में अनुष्ठान करवाए जा रहे हैं।

# भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था बर्बाद कर दी – अखिलेश यादव

लखनऊ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा के भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था बर्बाद कर दी है। यूपी में आज कोई सुरक्षित नहीं है। प्रदेश में हर दिन हत्यायें हो रही है। भाजपा सरकार में अपराधी बेखौफ है। अपराधियों, माफियाओं को भाजपा सरकार का संरक्षण मिला हुआ है। कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। महिलाओं, बेटियों के साथ जघन्य घटनाएं हो रही है।

हमीरपुर में दो बहनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उनकी मौत की घटना से पूरा प्रदेश शर्मसार है। बच्चियों को न्याय न मिलने से अब उनके पिता ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सहारनपुर में नौ साल की बच्ची का अपहरण कर रेप किया गया। बच्ची की हालत गंभीर है। शाहजहांपुर में पिकअप चोरी की रिपोर्ट दर्ज न करने से आहत एक व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने खुद को आग लगा ली। आजमगढ़ में ग्राम प्रधान बलराम निषाद की हत्या कर शव पेड़ से लटकाया गया। जौनपुर में भाजपा नेता को ही दिनदहाड़े गोली मारी गई। भाजपा सरकार में उन्हीं के नेता भी सुरक्षित नहीं है। ये घटनाएं बताती है कि उत्तर प्रदेश में न्याय का शासन खत्म हो चुका है। जनता हताश और निराश है। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब एफआईआर इतनी कम होती है तब भी एनसीआरबी रिपोर्ट में यहां की कानून व्यवस्था की इतनी दुर्गति दिखाई देती है। भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश पूरी तरह से अराजकता के हवाले है। भाजपा सरकार कानून व्यवस्था संभालने में पूरी तरह से विफल है। प्रदेश की जनता भाजपा सरकार में दहशत में जी रही है। जनता के बीच भय, खौफ का माहौल बनाया जा रहा है। इसलिए अब जनता पीडीए से एकजुट होकर भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनाव में सत्ता से पूरी तरह से सफाया करके ही मानेगी।

# महिलाओं को जोड़ने के लिए आरपीआई चलाएगी अभियान'

लखनऊ। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) महिलाओं को जोड़ने के लिए पूरे प्रदेश में अभियान चलाने जा रही है। आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित आरपीआई के प्रदेश कार्यालय में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शैल श्रीवास्तव जी की अध्यक्षता में हुई बैठक में ये फैसला लिया गया।

महिला मोर्चा की बैठक में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष शैल श्रीवास्तव ने कहा कि समाज में महिलाओं की भी भागीदारी उतनी ही है, जितनी एक पुरुष की। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सदन में पास हुए महिला आरक्षण बिल ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किया है। आरपीआई इस ऐतिहासिक बिल के लिए प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद करती है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने समाज की आधी आबादी भीमराव अम्बेडकर ने महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने के लिए लंबी सामाजिक लड़ाई लड़ी। उन्होंने हमेशा ही महिलाओं को समानता, शिक्षा, सम्मान, अधिकार और अपनी समर्थता को समझने पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं को मनुवादी सोच से निकाला। उनकी समाज में बराबरी के लिए कानून बनाया। आज आरपीआई बाबा साहेब के विचारों को साथ लेकर गांव–गांव, गली–गली, कस्बों, शहरों में महिलाओं को जागरूक करेगी एवं साथ जोड़ेगी। इसके लिए आगामी 10 मार्च से पूरे प्रदेश में अभियान चलेगा। महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष रुचि शुक्ला ने कहा कि सामाजिक रूप से महिलाओं को बराबरी का हक दिलाने के लिए और उनके योगदान को समझाने के मकसद से हर साल 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। आज महिलाओं को जागरूक होने की आवश्यकता है।

उन्हें अपने अधिकारों के प्रति आवाज उठाने की आवश्यकता है। हम महिला मोर्चा के माध्यम से समाज में दबी, कुचली, दलित, वंचित सहित हर वर्ग की महिलाओं को आरपीआई से जोड़ेंगे एवं उन्हें सशक्त बनाएंगे।

# खेती की लागत को कम करने में बिजली का बहुत महत्वपूर्ण योगदान– ए.के. शर्मा

## किसानों की खेती की लागत को कम कर उनकी आय को दोगुना करने के

लखनऊ (आरएनएस)। किसानों की खेती की लागत को कम करने और उनकी आय को दोगुना करने के मा. प्रधानमंत्री जी के संकल्प को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा प्रदेश की विद्युत उत्पान क्षमता को बढ़ाने में निरंतर प्रयासरत हैं। हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कृषकों को सिंचाई के लिये मुफ्त बिजली उपलब्ध कराये जाने के उपलक्ष्य में आयोजित संकल्प की सिद्धि कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रधानमंत्री द्वारा किसानों की खेती की लागत को कम करना और उनकी आय को दोगुना करने के संकल्प को पूरा किया जा रहा है। खेती की लागत को कम करने में बिजली का बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है। किसानों को निर्वाध विद्युत आपूर्ति देने के लिए विद्युत की ढांचागत व्यवस्था में सुधार किया जा रहा है। किसानों के 5,001 कृषि फीडरों को पर्याप्त बिजली मिले इसलिए उन्हें अलग किया जा रहा। ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने संकल्प की सिद्धि कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि योगी सरकार ने चुनाव में किसानों को मुफ्त बिजली मुफ्त देने के वादे को पूरा किया है। अब 01 अप्रैल, 2023 से किसानों के निजी नलकूप के बिजली बिलों को माफ कर दिया गया है। साथ ही इसके पहले के बिलों के अधिभार में छूट की योजना भी लायी जायेगी। बिजली की व्यवस्था को चुस्त–दुरूस्त करने के बाद यह व्यवस्था की गई है। शीघ्र ही किसानों को इसका लाभ मिले इसके लिए रोडमैप बनाया जायेगा। उर्जा मंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश के लाखों मजरों में बिजली नहीं थी। प्रदेश सरकार ने 1.21 लाख मजरों का विद्युतीकरण कराया। इसी प्रकार पहले 13 लाख निजी नलकूप के कनेक्शन थे, पिछले 02 वर्षों में 1.25 लाख निजी नलकूप कनेक्शन किसानों को दिये गये। प्रदेश में 3.25 करोड़ से अधिक विद्युत कनेक्शन हैं। विगत 02 वर्षों में 32.50 लाख कनेक्शन दिये गये। 5,20,400 अतिभारित ट्रांसफार्मर को हटाकर नये ट्रांसफार्मर लगाये गये। 75,000 किलोमीटर जर्जर तार को बदल कर एबी केबल लगायी गयी। 14.25 लाख से ज्यादा बिजली के पोल बदले गये। 33ध्11केवी के 35 उपकेन्द्रों की क्षमता वृद्धि की गई तथा 205 बड़े पावर ट्रांसफार्मर को भी बदला गया। केन्द्र की आरडीएसएस योजना के तहत 17,000 करोड़ रुपये से विद्युत सुदृढ़ीकरण का कार्य चल रहा है। 5,000 करोड़ रूपये से विजनेस प्लान के तहत कार्य हो रहा। 1000 करोड़ रुपये से छोटे निकायों की बिजली को दुरूस्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बिजली उत्पादन को दोगुना करने के प्रयास में है। एनटीपीसी के सहयोग से ग्लोबल इन्वेस्टर समिति के दौरान 800•2 मेगावॉट के 02 प्लाण्ट अनपरा में तथा 800•2 मेगावॉट क्षमता के दो प्लाण्ट ओबरा में लगाने के लिए मंत्रिमण्डल ने मंजूरी दे दी है। लोकार्पण के लिए 1,320 मेगावॉट क्षमता के 660•2 के दो प्लाण्ट बनकर तैयार हैं। वहीं इस वर्ष हाल ही में ओबरा और जवाहरपुर में एक–एक 2•660=1320 मेगावाट के संयंत्रों का पूर्ण वाणिज्यिक संचालन भी शुरू हो गया है। एनटीपीसी के साथ साझेदारी में एक और 3•800=2400 मेगावाट संयंत्र स्थापित करने की तैयारी में हैं। इसके अलावा एनटीपीसी सिंगरौली में अपना 2•800=1600 मेगावाट का बिजली संयंत्र स्थापित कर रहा है, जिसकी नींव मा. प्रधानमंत्री जी द्वारा हाल ही में रखी गई। मा. प्रधानमंत्री जी ने अभी तेलांगाना में 200 मेगावॉट के सौर ऊर्जा प्लाण्ट का लोकार्पण तथा 1800 मेंगावॉट क्षमता के सोलर प्लाण्ट का शिलान्यास भी किया है। उर्जा मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार और एनटीपीसी के बीच 50–50 प्रतिशत की साझेदारी के साथ यह प्रोजेक्ट आगे बढ़ेगा। इस प्रोजेक्ट की कुल कीमत 8,624 करोड़ रुपए है और इसकी पहली यूनिट लगभग 50 महीनों में तैयार हो जाएगी, जबकि दूसरी यूनिट 56 महीने में क्रियान्वित हो जाएगी। इसमें 30 प्रतिशत इक्विटी होगी जो राज्य सरकार और एनटीपीसी आपस में वहन करेंगे, जबकि 70 प्रतिशत ऋण लेकर इसको क्रियान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से जल्द ही उत्तर प्रदेश विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में देश में प्रथम स्थान पर स्थापित होगा। साथ ही प्रदेश सरकार सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी व्यापक कार्य कर रही है।

# 24 घंटे होगी जल और बिजली की आपूर्ति

उच्च शिक्षा, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया की इसके अतिरिक्त, पॉलिसी में प्रोत्साहन के लिए कई और महत्वपूर्ण उपाय भी किए गए हैं। इसके अनुसार औद्योगिक प्राधिकरण चौबीस घंटे पर्याप्त पानी उपलब्ध कराएंगे तथा एसटीपी निस्तारण की सुविधा भी प्रदान करेंगे अथवा बनाएंगे। इसके साथ ही इकाई को श्ओपन एक्सेसश् के माध्यम से विद्युत प्राप्त करने की अनुमति दी जाएगी। यही नहीं, इकाई को नवीकरणीय हरित ऊर्जा के लिए पॉवर बैंकिंग भी प्रदान की जाएगी। यह राज्य के विद्युत नियामक आयोग (ईआरसी) दिशानिर्देशों के अनुसार शासित होगा। सरकार पावर ग्रिड में पर्याप्त अतिरिक्तता सुनिश्चित करेगी, ताकि फैब परियोजनाओं के निर्बाध संचालन के लिए विश्वसनीय बिजली की आपूर्ति प्रदान की जा सके।नॉन–डिस्टर्बेन्स प्राविधान भी होंगे लागू

इकाइयों के प्रोत्साहन के लिए नॉन–डिस्टर्बेन्स प्राविधान भी लागू किए जाएंगे। इसके अंतर्गत सेमीकंडक्टर इकाइयों को संरक्षण दिया जाएगा, ताकि उनको बाधारहित व्यवसाय के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा सके। इसके तहत सुनिश्चित व्यापार निरंतरता प्रदान करने के लिए इकाइयों को कुछ इम्यूनिटी भी दी गई है। इसके तहत विकासकर्ता द्वारा निवेश पूर्ण करने और संबंधित प्राधिकरण से पूर्णता प्राप्त करने के साथ ही पूरा लीज रेंट भुगतान करने के बाद किसी सेमीकंडक्टर इकाई द्वारा किसी भी मानदंड उपनियम के उल्लंघन के मामले में पट्टा विलेख निरस्त करने के लिए प्राधिकरण के निदेशक मंडल की स्वीकृति एक पूर्व आवश्यकता होगी।

# 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाता पोस्टल बैलेट के माध्यम से निवास

## स्थान से वोट देने हेतु फार्म-12डी में करे आवेदन

लखनऊ (आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा–निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश के समस्त 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे स्वेच्छा से पोस्टल बैलेट के माध्यम से निवास स्थान पर मतदान करने हेतु निर्धारित फार्म–12डी में आवेदन कर अपने निवास स्थान पर मताधिकार का उपयोग कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि फार्म–12डी अधिसूचना जारी होने के 5 दिवसों के अन्दर सम्बन्धित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बी०एल०ओ० द्वारा घर–घर जाकर 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को उपलब्ध कराया जाएगा तथा भरा हुआ फार्म–12डी प्राप्त किया जाएगा। फार्म–12डी भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के होम पेज पर के अन्तर्गत के लिंक पर उपलब्ध है, जहां से इसे डाउनलोड करके भरकर सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर के कार्यालय में जमा कराया जायेगा।

# 69000 शिक्षक भर्ती आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने घेरा केशव प्रसाद का आवास

लखनऊ। 69000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत चयनित 6800 आरक्षित वर्ग के शिक्षक अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद के आवास का घेराव किया इस दौरान अभ्यर्थियों ने जोरदार नारेबाजी भी की। केशव प्रसाद के आवास के सामने भारी पुलिस बल तैनात है। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों का कहना है की बेसिक शिक्षा विभाग और प्रशासन के लोग वादाखिलाफी कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने अभ्यर्थियों की मुलाकात मुख्यमंत्री से कराने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक उनकी मुलाकात नहीं हो पायी इसी बात से नाराज अभ्यर्थी एक बार फिर केशव प्रसाद के आवास पहुंचकर नारेबाजी करने लगे।भारी संख्या में तैनात पुलिस बल ने सभी अभ्यर्थियों को जबरदस्ती बस में बैठाकर इको गार्डन धरना स्थल ले जाकर छोड़ दिया।आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं अमरेंद्र पटेल ने बताया की लखनऊ हाई कोर्ट के डबल बेंच में 69000 शिक्षक भर्ती संबंधित मामले की सुनवाई चल रही है। इस संबंध में शिक्षा मंत्री संदीप सिंह और विभाग के अधिकारी ने हम अभ्यर्थियों से मीटिंग में जो वादे किए थे उसके मुताबिक सरकार के वकील कोर्ट में पक्ष नहीं रख रहे हैं बल्कि आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों का विरोध कर रहे हैं। यह अभ्यर्थी चाहते हैं कि उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से करई जाए। विक्रम ने बताया की मुख्यमंत्री के ही आदेश से हुई जाँच के बाद 6800 आरक्षित वर्ग की चयन सूची आई थी। अभ्यर्थियों को उम्मीद हैं की उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री जी से होने पर पूरे मामले का सही निस्तारण हो जायेगा।

# महाशिवरात्रि स्नान पर्व के साथ माघ मेले का समापन

## महाशिवरात्रि पर्व पर संगम की पावन धारा में 9.5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



प्रयागराज (आरएनएस)। प्रयागराज के संगम तट में लगे आस्था के सबसे बड़े वार्षिक समागम माघ मेले के आखिरी स्नान पर्व महाशिवरात्रि का सकुशल समापन हो गया। महाशिवरात्रि पर लाखों की तादाद में श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगाई। प्रदेश की योगी सरकार की तरफ से इस बार के माघ मेले को दिव्य, भव्य और नव्य स्वरूप देने के लिए कई नवाचार भी किए गए।त्रिवेणी के तट पर लगे माघ मेले के आखिरी स्नान पर्व महाशिवरात्रि पर 9.50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पुण्य की डुबकी लगाई है। माघ मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद के मुताबिक सुबह से ही संगम में महा शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी रहा। शाम 4रू00 तक संगम में 9.50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में पुण्य की डुबकी लगाई है। उन्होंने यह भी बताया है कि 54 दिनों तक चले इस माघ मेले के 6 प्रमुख स्नान पर्वों पर 3 करोड़ 27 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई है।आगामी महाकुम्भ की व्यवस्थाओं को ध्यान में रखकर इस बार माघ मेले का आयोजन योगी सरकार ने किया था। इसीलिए यह माघ मेला महाकुंभ के लिए नवाचार की प्रयोगशाला भी रहा। माघ मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद बताते हैं कि इस बार के माघ मेले में कई नए नवाचार किए गए। माघ मेला में पहली बार रोशनी की सतत व्यवस्था और विद्युत की बचत के लिए 165 से अधिक एलइडी सोलर हाइब्रिड स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी। स्वच्छता और श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए पूरे मेला क्षेत्र में 21 हजार शौचालय बनाए गए हैं।

माघ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं और पर्यटकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु 10 वाटर एटीएम लगाए गए। मेला क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर थीमैटिक और स्पाइरल लाइट का इस्तेमाल किया गया। इसके अलावा मेला क्षेत्र के पॉन्टून पुल में पहली बार डेलिनेटर्स लाइट्स का इस्तेमाल किया गया है। मेला क्षेत्र के दो पांटून पुल में इसका प्रयोग किया गया। सिंचाई विभाग की तरफ से मेला क्षेत्र में नदियों के पानी के बहाव से होने वाले कटाव को रोकने के लिए पहली बार जियो बैग का इस्तेमाल किया गया। माघ मेला में आने वाली श्रद्धालुओं और पर्यटकों की लाखों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल भी पहली बार प्रभावी रूप से किया गया।

# प्रयागराज में 83 हजार 831 महिलाएं बनी लखपति

## नारी शक्ति को सशक्त और आत्म निर्भर बना रही योगी सरकार की महिला दिवस पर सौगात

प्रयागराज (आरएनएस)। योगी सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी और सक्षम बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। सरकार ने पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लखपति योजना की शुरुआत की है, जिसमें प्रयागराज जनपद को भी शामिल किया गया था। इसके नतीजे सामने आने लगे हैं द्य स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों की आमदनी बढ़ाकर एक लाख से अधिक करने की इस योजना में प्रयागराज को अहम कामयाबी मिल रही है।

प्रयागराज में स्वयं सहायता समूह में शामिल महिलाओं को लखपति बनाने के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गयी लखपति महिला योजना में महिलाओं को रोजगार के साथ उद्यमी बनाने के लिए वित्तीय मदद दी रही है। इसमें प्रत्येक महिला सदस्य की न्यूनतम सालाना आमदनी एक लाख रुपये करने का प्राथमिक लक्ष्य रखा गया है। उपायुक्त एनआरएलएम राजीव कुमार सिंह के अनुसार पहले तीन वर्षों में जिले में डेढ़ लाख महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य लिया गया था, जिसमें मौजूदा वित्तीय वर्ष में ही अभी तक 63,831 महिलाओं को लखपति दीदी के दायरे में शामिल किया जा चुका है। इसका लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को इसका दायित्व सौंपा गया है।इस योजना के अंतर्गत जिले में 63000 से अधिक लखपति दीदी बन चुकी महिलाओं को अपने आसपास की ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक आय बढ़ाने के लिए प्रेरित करने का कार्य शुरू हुआ है। ग्रामीण आजीविका मिशन के उपायुक्त राजीव कुमार सिंह के अनुसार जिले में 1643 महिलाओं को सीपीसी की ट्रेनिंग देने के लिए चयनित किया गया था। इसमें 1002 लखपति दीदी ने अपनी ट्रेनिंग पूरी कर ली है। अब ये लखपति दीदी गांव की दूसरी महिलाओंको लखपति परिवार की श्रेणी में लाआने के लिए प्रेरित करेंगी। गौरतलब है कि एक सीपीसी में 80 परिवारों को सम्मिलित किया जाता है, जिन्हें लखपति हाउस होल्ड में परिवर्तित करना होता है।

# संपादकीय

## सवालों के घेरे में

भारतीय स्टेट बैंक ने इलेक्ट्रॉल बॉन्ड संबंधी याचिका देकर सुप्रीम कोर्ट के सामने भी अग्निपरीक्षा जैसी स्थिति खड़ी कर दी है। कोर्ट के सामने अब अपने निर्णय की प्रभावशीलता के साथ–साथ अपनी साख की रक्षा करने की भी चुनौती है।

भारतीय स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट से इलेक्ट्रॉल बॉन्ड संबंधी सूचना देने की समय सीमा बढ़ाने की गुजारिश की है। उचित ही इस पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। सवाल सीधे केंद्र सरकार की मंशा पर हैं। यह मानने का तो कोई आधार नहीं है कि याचिका देने का फैसला स्टेट बैंक ने स्वायत्त रूप से और व्यावहारिक कारणों से लिया। इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स संबंधी मामले पर सुनवाई के दौरान खुद स्टेट बैंक ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया था कि चंदादाताओं का विवरण सील किए लिफाफे में स्टेट बैंक की तयशुदा शाखाओं में रखा गया है।

उसने बताया था कि जब इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स को भुनाया जाएगा, तब उनका पे–इन स्लिप भी सील्ड कवर में रखा जाएगा और उसे स्टेट बैंक की मुंबई शाखा को भेज दिया जाएगा। इसलिए यह तर्क नहीं टिकता कि स्टेट बैंक को चंदादाताओं की सूची तैयार करने और उसका मिलान करने के लिए और तीन महीने और चाहिए। आम समझ है कि यह ब्योरा पेश करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने बैंक को पर्याप्त समय दिया है।

मुद्दा इसलिए गरमा गया है, क्योंकि स्टेट बैंक ने यह सूचना देने के लिए 30 जून तक का समय मांगा है। उसके पहले देश में आम चुनाव निपट चुका होगा। जबकि कोर्ट की तरफ से दी गई समयसीमा यानी इसी महीने जानकारी सामने आने पर संबंधित सूचना चुनाव के दौरान चर्चा का एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा बन सकती है। आखिर इससे पता चलेगा कि किस कारोबारी घराने ने किसे कितना चंदा दिया। उसके बाद सिविल सोसायटी उपलब्ध जानकारियों के मुताबिक यह आकलन करने की स्थिति में होगी कि क्या भाजपा को चंदा देने वालों को केंद्र ने कोई खास लाभ पहुंचाया है।

इस तरह इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स को लेकर उठे कथित लेन–देन के संदेह का निवारण हो सकेगा। अगर सरकार का दामन पाक–साफ है, तो उसे यह सूचना यथाशीघ्र सार्वजनिक करनी चाहिए। वरना, इस योजना से संबंधित संदेह और गहराएंगे। दरअसल, स्टेट बैंक ने यह याचिका देकर सुप्रीम कोर्ट के सामने भी अग्निपरीक्षा जैसी स्थिति खड़ी कर दी है। कोर्ट के सामने अब अपने निर्णय की प्रभावशीलता के साथ–साथ अपनी साख की रक्षा करने की भी चुनौती है।

## ट्रंप एक परिघटना हैं

डॉनल्ड ट्रंप अमेरिकी व्यवस्था में जमीनी स्तर पर हुए बदलावों से बनी परिस्थितियों के परिणाम के रूप में उभरे हैं। राज्य–व्यवस्था के प्रति बढ़ते गए जन असंतोष को उन्होंने गोलबंद किया है। इसीलिए ट्रंपिज्म एक मजबूत परिघटना बनी हुई है।

पहले से भी कोई शक नहीं था, लेकिन सुपर ट्यूजडे ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि डॉनल्ड ट्रंप अब अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी के निर्विविद नेता हैं। जिसे अमेरिकी राजनीति में ट्रंपिज्म (ट्रंपवाद) कहा जाता है, वही अब इस पार्टी की विचारधारा या पहचान है। सुपर ट्यूजडे को ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव में पार्टी की उम्मीदवारी की होड़ में बचीं अकेली प्रतिद्वंद्वी निकी हेली पर एकतरफा जीत हासिल की।

अमेरिकी चुनाव के क्रम में मार्च के पहले मंगलवार को सुपर ट्यूजडे कहा जाता है। इसका खास महत्त्व होता है, क्योंकि इस रोज एक साथ 15 राज्यों में प्राइमरी (उम्मीदवार चुनने के लिए मतदान) का आयोजन होता है। कहा जा सकता है कि इस वर्ष पांच मार्च को ट्रंप की उम्मीदवारी पर रिपब्लिकन पार्टी की मुहर लग गई है।

अब यह लगभग तय है कि अगले पांच नवंबर को उनका सीधा मुकाबला राष्ट्रपति जो बाइडेन से होगा। अभी जो संकेत हैं, उनके मुताबिक तो उस मुकाबले में भी उनकी स्थिति का काफी मजबूत दिख रही है। छह में से पांच स्विंग राज्यों के जनमत सर्वेक्षणों में वे बाइडेन से आगे चल रहे हैं।

ये वो छह राज्य हैं, जिन्होंने पिछले तीन चुनावों में पाला बदला है। उम्मीदवार चुनने की अब तक चली प्रक्रिया और ताजा जनमत सर्वेक्षणों से साफ है कि ट्रंप 2016 में अचानक एक उल्का की तरह सामने नहीं आ गए थे। बल्कि वे अमेरिकी अर्थव्यवस्था एवं राजनीतिक जमीन में हुए बदलावों से बनी परिस्थितियों के परिणाम के रूप में उभरे। राज्य–व्यवस्था के प्रति बढ़ते गए जन असंतोष को उन्होंने गोलबंद किया।

चूंकि यह असंतोष और भी बढ़ता गया है, इसलिए ट्रंपिज्म एक मजबूत परिघटना बनी हुई है। यानी अमेरिका में जो नए माली और सियासी हालत बने, उनकी वजह से ट्रंप जैसी चरमपंथी सोच जमीनी स्तर पर व्यापकता एवं गहराई हासिल करती चली गई है। इसके बीच डॉनल्ड ट्रंप अगर परिदृश्य से हट जाएं, तो संभव है कि उनसे भी ज्यादा चरमपंथी रुख वाला कोई नेता उभर आएगा। वैसे सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी मिलने के बाद ट्रंप के अभी परिदृश्य से गायब होने की कोई संभावना नहीं है।

## दस साल बाद भी विमान लापता है!

क्या आपको एमएच 370 याद है? वह फ्लाइट जो आकाश से अचानक गायब हो गई थी और जिसका फिर कुछ पता ही नहीं चला? रू 370 इस विशाल हवाईजहाज का एक छोटा–सा टुकड़ा तक नहीं मिला। कोई खिड़की, पंख का टूटा हुआ हिस्सा, कोई कटा–फटा सूटकेस जिसमें मरने वाले के कपड़े अभी भी हों, कोई उखड़ी हुई सीट जिसमें एक क्षत–विक्षत कंकाल सीट बेल्ट से बंधा हो, उसकी निर्जीव उंगलियां हैंडल को पकड़े हुई हों और उसके मुंह पर आखिरी साँस लेने के ठीक पहले की ऐंठन हो। कुछ भी नहीं मिला। एकदम नहीं। ष्आल राईट, गुड नाईटष ये वे आखिरी शब्द थे जो एमएच 370 से प्रसारित किये गए और 8 मार्च 2014 को एयर ट्रेफिक कण्ट्रोल द्वारा सुने गए। उस समय विमान थाईलैंड के फुकेट नामक द्वीप के नजदीक था। और फिर न जाने क्या हुआ कि ये अत्याधुनिक बोईंग 737 अदृश्य हो गया। यह जहाज सेटेलाइट ट्रेकिंग और सतत संवाद के आधुनिकतम उपकरणों से लैस था। मगर फिर भी हमें नहीं पता कि वो कहाँ गया।9ध्11 से पहले से ही डरे हुए विमान यात्रियों के लिए यह घटना एक नया खौफ लेकर आई। इस विमान के लापता होने के बाद के शुरूआती सालों में हर कोई उसके रहस्य पर से पर्दा उठाने में जुटा रहा। विमान के गायब होने के बाद कुछ दिनों तक उसके बारे में इतनी कम जानकारी उपलब्ध थी कि मध्य एशिया के कजाकिस्तान से लेकर अंटार्टिका तक के विशाल भूभाग में उसे खोजा जा रहा था। यह मामला लंबे समय तक सुर्खियों में बना रहा। अंततरू विमान का क्या हुआ, वह कहाँ गिरा, दुर्घटना की वजह क्या थी, क्या कोई जिंदा बचा दृ इस सबके बारे में कयास लगाए जाते रहे।हर नई खबर और हर नई जानकारी विमान या उसके मलबे की खोज के लिए चल रहे अभियान में जनता की रूचि दुबारा जगा देती थी।

# उत्तर प्रदेश में भाजपा के जिन 20 सांसदों की टिकट पर पेंच फंसा हुआ है उनकी नींद उड़ी हुई है



बहरहाल, जिन 20 सांसदों को टिकट नहीं मिला है, उसके अलावा चार और सीटों को शामिल करके बीजेपी को अभी 24 सीटों पर अपने प्रत्याशी तय करने हैं। जिन मौजूदा सांसदों के टिकट घोषित नहीं हुए हैं, वह अपने समर्थकों के साथ लखनऊ से दिल्ली तक प्रयास कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से बीजेपी ने 51 सीटों पर अपने प्रत्याशी तय कर दिये हैं। इस घोषणा में सबसे बड़ी बात यह रही कि कहीं भी विरोध या बगावत के स्वर नहीं सुनाये दिये, एक मात्र बाराबंकी लोकसभा सीट के उम्मीदवार उपेंद्र सिंह रावत ने जरूर चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा जताई है। इसके पीछे उनकी पार्टी से किसी तरह की नाराजगी नहीं, बल्कि उनका सोशल मीडिया पर कथित रूप से एक विवादित वीडियो का सामने आना है, जिसे रावत ने पूरी तरह से खारिज करके एफआईआर दर्ज करा दी है। लेकिन इसके साथ ही वीडियो की सच्चाई आने से पूर्व भविष्य में कोई भी चुनाव नहीं लड़ने की भी घोषणा की है। बाराबंकी से यदि उपेद्र चुनाव नहीं लड़े तो बीजेपी को वहां भी नया प्रत्याशी तलाशना होगा, इस तरह से 24 सीटों पर उसे और प्रत्याशी तय करना है, बाकी कि छह सीटें बीजेपी ने सहयोगी दलों के लिये छोड़ रखी हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने यूपी में 80 में से 64 सीटें जीती थीं। पहली लिस्ट में बीजेपी ने अपने 44 सांसदों को पुनः टिकट दे दिया है। इस तरह से अभी बीजेपी के 20 और सांसदों के भाग्य का फैसला होना बाकी है। यह वह 20 सांसद हैं जिनको लेकर बीजेपी आलाकमान के मन में कई किन्तु–परंतु हैं। किसी की उम्र 75 वर्ष से अधिक है तो कोई विवादों में घिरा है। इसी तरह से कुछ सांसदों का कामकाज सही नहीं होने के कारण उनके जीत की संभावनाएं काफी कम हो गई हैं तो कुछ मौजूदा सामाजिक समीकरण के ढांचे में फिट नहीं बैठ रहे हैं। एक सांसद ऐसे भी हैं जो पांच सालों तक अपनी ही सरकार की आलोचना करते रहे। इसके अलावा कुछ वीआईपी सीटों पर भी प्रत्याशी नहीं तय हो पाये हैं जिसमें रायबरेली, मैनपुरी, सुलतानपुर, पीलीभीत जैसी सीटें शामिल हैं। उक्त में से दो सीटें क्रमशः सुलतानपुर और पीलीभीत से मेनका और वरूण गांधी सांसद हैं। बहरहाल, जिन 20 सांसदों को टिकट नहीं मिला है, उसके अलावा चार और सीटों को शामिल करके बीजेपी को अभी 24 सीटों पर अपने प्रत्याशी तय करने हैं। जिन मौजूदा सांसदों के टिकट घोषित नहीं हुए हैं, वह अपने समर्थकों के साथ लखनऊ से दिल्ली तक प्रयास कर रहे हैं। जानकार बताते हैं कि कुश्ती संघ से विवादों में आए कैसरगंज से भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह की जगह पार्टी उनकी पत्नी केतकी सिंह या विधायक बेटे प्रतीक भूषण सिंह को चुनाव लड़ाना चाहती है, लेकिन ब्रजभूषण ने टिकट पाने के लिए लखनऊ से दिल्ली तक पूरी ताकत लगा दी है। बरेली से लगातार सांसद रहे संतोष गंगवार को 2019 में मंत्री पद से हटाने के बाद अब चुनावी राजनीति से बाहर रखने की चर्चाएं चल रही हैं। उनके समर्थकों का तर्क है कि 75 वर्ष से अधिक आयु होने पर हेमा मालिनी को टिकट दिया गया है, ऐसे में संतोष गंगवार की दावेदारी भी बनती है। उधर, देवरिया से संसद और पूर्व प्रदेश अध्य रमापति राम त्रिपाठी ने भी दिल्ली में भाजपा के बड़े पदाधिकारियों से संपर्क बनाकर एक और मौका मांगा है तो सुल्तानपुर से सांसद मेनका गांधी और पीलीभीत से सांसद वरुण गांधी के टिकट पर भी पेंच फंसा है। मोदी की हरी झंडी के बाद पार्टी दोनों में से किसी एक को टिकट दे सकती है। वैसे वरूण गांधी के प्रियंका गांधी के करीब होने की भी बात कही जा रही है। रिश्तों में जमी बर्फ हटाने के लिये वरूण को रायबरेली या अमेठी से मैदान में उतारा जा सकता है। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के प्रत्याशियों की पहली सूची में वंचित रहने के बाद पार्टी के दिग्गज सांसदों ने अपने टिकट के लिए पूरा दम लगा दिया है। राम लहर और मोदी की गारंटी के माहौल में भी दिग्गज चेहरों को चुनाव मैदान से बाहर करने में पार्टी को मशक्कत करनी पड़ेगी। भाजपा ने पहले चरण में यूपी की 80 में से 51 सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए हैं। शेष 29 सीटों में से बागपत और बिजनौर पर एनडीए के सहयोगी राष्ट्रीय लोक दल ने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। आगामी दिनों में 27 सीटों पर प्रत्याशी घोषित होने हैं इनमें से दो सीटें अपना दल (एस) और सुभासपा को एक सीट मिलेगी। माना जा रहा है कि अपना दल को उसकी दो मौजूदा सीटों राबर्ट्सगंज और मिर्जापुर से ही लड़ाया जायेगा। पूर्वांचल की एक–एक सीट सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी और निषाद पार्टी के हिस्से में जायेगी। गाजीपुर और घोसी की सीट इन दलों को दी जा सकती है। कुछ सीटों पर सपा–बसपा छोड़कर बीजेपी में आने वाले नेताओं को भी उतारा जा सकता है। बहरहाल, अभी तक जिन बीजेपी सांसदों के भाग्य का फैसला नहीं हो पाया है उसमें गाजियाबाद से विजय कुमार सिंह, मेरठ से राजेन्द्र अग्रवाल, बागपत से सत्यपाल सिहं, हाथरस से राजबीर दिलेर, कानपुर से सत्यदेव पचौरी, पीलीभीत से वरूण गांधी, बदायूं से संघमित्रा मौर्या, फिरोजाबाद से डॉ. चन्द्र जादौन सेन, प्रयागराज से रीता बहुगुणा जोशी, फूलपुर से केसरी देवी पटेल, देवरिया से रमापति राम त्रिपाठी, बलिया से वीरेन्द्र सिंह, मछली शहर से भोलानाथ,

# चुनाव क्या सिर्फ औपचारिकता ?

अजीत द्विवेदी

तो क्या यह मान लिया जाए कि लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे तय हैं और चुनाव एक औपचारिकता भर है? क्या देश के लोगों ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को तीसरी बार शासन का मौका देने का फैसला कर लिया है? कम से कम प्रधानमंत्री की बातों से तो ऐसा ही लग रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में रविवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। करीब आठ घंटे चली इस बैठक में नई सरकार के सौ दिन के एजेंडे पर चर्चा होने की खबर है।



मीडिया में आई खबरों के मुताबिक मंत्रिपरिषद ने दीर्घकालिक लक्ष्य यानी 2047 में विकसित भारत बनाने के लक्ष्य पर विचार विमर्श किया और साथ ही नई सरकार के एक सौ दिन के लक्ष्य पर भी चर्चा की। कई मंत्रालयों के सौ दिन के एजेंडे पर प्रेजेंटेशन देने की खबर भी है। सवाल है कि क्या सचमुच नरेंद्र मोदी और उनके मंत्री मान रहे हैं कि तीसरी बार भी उनकी सरकार बनने जा रही है या मंत्रिपरिषद की बैठक से निकली खबरें चुनाव के लिए इस्तेमाल किए जा रहे किसी रणनीतिक दांव का हिस्सा हैं? आमतौर पर चुनाव नतीजों के बारे में इस तरह का सटीक अनुमान नहीं लगाया जा सकता है कि कौन जीत रहा है और किसकी हार हो रही है। इस मायने में चुनाव भी क्रिकेट की तरह गौरवशाली अनिश्चितताओं का खेल है। कई नेताओं ने सार्वजनिक रूप से और अनौपचारिक बातचीत में स्वीकार किया है कि जिस समय वे चुनाव जीतने के सबसे ज्यादा भरोसे में होते हैं उस बार चुनाव हार जाते हैं और जब लगता है कि कांटे का मुकाबला है तो चुनाव जीत जाते हैं।यह व्यक्तियों और पार्टियों दोनों के मामले में सही है। पिछले ही साल के विधानसभा चुनावों मे कांग्रेस छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त थी तो बीआरएस को लग रहा था कि वह तेलंगाना हार ही नहीं सकती है। इन राज्यों के नतीजे सबको पता हैं।अगर लोकसभा चुनावों की बात करें तो 2004 के नतीजों का सबको पता है। जैसे अभी भाजपा के नेता अगली सरकार का एजेंडा तय कर रहे हैं उसी तरह 2004 में भी अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के मंत्री अगली सरकार का एजेंडा तय कर रहे थे। श्देयर इज नो ऑल्टरनेटिव्य यानी श्टीनाच्च फैक्टर के आधार पर कहा जा रहा था कि अटल बिहारी वाजपेयी के मुकाबले कोई नहीं है।

अंग्रेजी के बड़े पत्रकार लच्छेदार जुमलों में बता रहे थे कि श्सोनिया इज द ऑल्टरनेटिव सो देयर इज नो ऑल्टरनिव्य यानी श्सीटा बनाम टीनाच्च फैक्टर की चर्चा थी। दिसंबर 2003 में चार राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए थे, जिनमें से राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा जीती थी और उससे बनी लहर का इस्तेमाल करने के लिए वाजपेयी सरकार ने समय से पहले मई 2004 में लोकसभा चुनाव कराने का फैसला किया। श्शाइनिंग इंडियाच्च और श्फीलगुड्य के मुद्दे पर चुनाव लड़ा गया और उसका भी नतीजा सबको पता है।

ऐसा नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी को इस राजनीतिक इतिहास या चुनावी अनिश्चितताओं का अंदाजा नहीं है। लेकिन कई बार असीमित सत्ता और लोकप्रियता भ्रम पैदा करती है। आंखों के सामने परदा डाल देती है। तकनीक, आंकड़ों और मोदी के निजी करिश्मे से भाजपा की टीम ऐसा नैरेटिव बना रही है कि हैरानी नहीं होगी अगर सचमुच भाजपा नेता इस भरोसे में बैठे हों कि चुनाव जीत रहे हैं।अगर ऐसा भरोसा है तो यह अति आत्मविश्वास नहीं, बल्कि उससे आगे की चीज है। इसे अहंकार कह सकते हैं। यह जनता और मतदाताओं को फॉर गारंटेड लेने या अपना पिछलग्गू मानने की सोच है। चुनाव प्रचार में किसी पार्टी द्वारा जीत का दावा करने और मंत्रिपरिषद की बैठक करके अपनी जीत की गारंटी बताने के बीच के फर्क को समझने की जरुरत है। पार्टियां चुनाव प्रचार में बड़ी से बड़ी जीत का दावा करती हैं, भरोसा जताती हैं, आत्मविश्वास दिखाती हैं लेकिन जब सरकार मंत्रिपरिषद की बैठक करके अगली सरकार का एजेंडा तय किया जाए तो उसे आत्मविश्वास नहीं कहेंगे। यह अति आत्मविश्वास से भी आगे की चीज है।

तो क्या यह माना जाए कि प्रधानमंत्री मोदी में अहंकार आ गया है और वे मतदाताओं को फॉर गारटेंड मान रहे हैं? अगर ऐसा है तो फिर वोट मांगने जाने की भी क्या जरुरत है या मतदाता मालिकों के आगे सिर झुकाने, उन्हें अपना परिवार बताने और उनसे तीसरा मौका देने का अनुरोध करने की क्या जरुरत है? जाहिर है असलियत वह नहीं है, जो दिख रही है। भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री मोदी जो दिन–रात एक किए हुए हैं वह अलग कहानी बयां कर रही है। उससे ऐसा लग रहा है कि तीसरी बार की जो मुश्किलें होती हैं उनका सामना पार्टी कर रही है।पार्टी के रणनीतिकारों को चुनौतियों का अंदाजा है। भाजपा के हर उम्मीदवार के सामने विपक्ष का एक साझा उम्मीदवार नहीं आए इसके लिए कांग्रेस सहित विपक्ष की हर पार्टी तोड़ी जा रही है। दूसरी पार्टियों के नेताओं को खुले दिल से भाजपा में आमंत्रित किया जा रहा है और उनकी हैसियत से हिसाब से राज्यसभा दी जा रही है या लोकसभा की टिकट दी जा रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की यात्रा जिस राज्य में पहुंचने वाली होती है वहां पहले से तोड़–फोड़ करके यात्रा को फेल करने के जतन किए जा रहे हैं। इन सबसे तो ऐसा नहीं लग रहा है कि भारतीय जनता पार्टी आसानी से चुनाव जीतने के आत्मविश्वास में है। कायदे से ऐसा ही होना चाहिए। हर चुनाव इस तरह से लड़ा जाना चाहिए, जैसे पहली बार लड़ रहे हों और जीवन का आखिरी चुनाव हो। मोदी और अमित शाह हमेशा इसी तरह से चुनाव लड़ते हैं। तभी ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी अपनी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में जीत का विश्वास भर रहे हैं और मतदाताओं का एक बड़ा समूह, जो आखिरी समय तक अनिश्चय की स्थिति में रहता है उसको समझा रहे हैं कि उसे अपना अनिश्चय समाप्त करना चाहिए और अनिर्णय की स्थिति से निकल कर भाजपा को वोट देना चाहिए क्योंकि भाजपा जीत ही रही है।

मंत्रिपरिषद की बैठक में सौ दिन के एजेंडे पर चर्चा करके प्रधानमंत्री ने यही मैसेज बनवाया। उससे पहले संसद के बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए भी प्रधानमंत्री ने भाजपा को 370 और एनडीए को चार सौ सीट का जो दावा किया और अपनी बात के प्रमाण के तौर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के भाषण का आधा अधूरा संदर्भ दिया उसके पीछे भी मकसद यही था।इतना ही नहीं भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रधानमंत्री ने जो यह दावा किया कि दुनिया भर के देशों से जुलाई–अगस्त का न्योता मिल रहा है क्योंकि दुनिया के देश भी मान रहे हैं कि आएगा तो मोदी ही, उसका भी मकसद यह धारणा बनवाना था कि भाजपा जीत रही है। इस तरह के दावों से भाजपा हवा बना रही है। असल में भाजपा इस चुनाव को पहले से ज्यादा चुनौतीपूर्ण मान रही है इसलिए राममंदिर और अनुच्छेद 370 के बावजूद दस तरह के उपाय किए जा रहे हैं।

# आज का राशिफल

मेष राशि–आज आपको वरिष्ठ अधिकारियों से सहयोग मिल सकता है। परिवार में आपके गुणों की प्रशंसा हो सकती है। नयी तकनीक को अपनाने से आपके व्यापार में वृद्धि हो सकती है। साथ ही उत्पादन कार्य भी बढ़ सकता है। अपने पार्टनर के साथ आप डिनर करने का प्रोग्राम बना सकते हैं।

वृष राशि–आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। बिजनेस के सिलसिले मे आप नये लोगो से मिलेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके सीनियर नेता आपके कार्यो की तारीफ कर सकते हैं।

मिथुन राशि–आज आपको नये लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। किसी भी काम में घर के बड़ों की सलाह लेना ही बेहतर होगा। पढ़ाई के प्रति आपकी एकाग्रता में कुछ कमी आ सकती है। आपको अपना ध्यान भटकने से बचाना चाहिए। आपकी जिंदगी में कुछ बदलाव आ सकते हैं।

कर्क राशि–आज आपका झुकाव किसी नए काम की ओर हो सकता है। करियर के मामले में कुछ चीजें बेहतर होने के आसार हैं। बिजनेस में किसी नए ग्रुप से जुडने के बारे में विचार कर सकते हैं। हालांकि कोई भी डील करते समय आपको सोच–समझकर ही आगे बढना चाहिए। सेहत के प्रति आपको अपना ख्याल रखना चाहिए।

सिंह राशि–छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। साइंस से जुड़े छात्रों के लिए आज का दिन खासतौर पर फायदेमंद रहेगा। आपका कोई रिसर्च वर्क पूरा हो सकता है। माता–पिता के साथ बेहतर संबंध स्थापित होंगे।

कन्या राशि–आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपको सरकारी कामों में किसी बड़े व्यक्ति की मदद मिलेगी। आप परिवार वालों के साथ शॉपिंग करने जायेंगे। परिवार में सबकी इच्छा पूरी करने में आप सफल रहेंगे। दोस्त आपसे किसी मामले में सलाह कर सकते हैं। आपको कुछ नये बिजनेस प्रपोजल मिल सकते हैं।

तुला राशि–आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको कुछ कामों में सफलता मिल सकती है, लेकिन आज आपको अजनबी लोगों पर भरोसा करने से बचना चाहिए। आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाये रखने की जरुरत है। मित्रों से मिलने आप उनके घर जा सकते हैं। आपकी दोस्ती और भी अधिक मजबूत होगी।

वृश्चिक राशि–आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी काम में आपको भाई–बहन का सपोर्ट मिल सकता है। अपने परिवार के साथ आप कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठा सकते हैं। कार्यक्षेत्र को लेकर आप लंबी यात्रा कर सकते हैं। आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। करियर में आपकी तरक्की के रास्ते खुल सकते हैं। कुछ खास जगहों पर आपकी प्रशंसा हो सकती है।

धनु राशि–आज आपका दिन शानदार रहेगा। काम के सिलसिले में की गई यात्रा आपके लिए लाभदायक रहेगी। समाज में आपका सम्मान और रुतबा बढ़ेगा। किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा। पड़ोस के कुछ खास लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है।

मकर राशि–आज आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है। ऑफिस में आपको कोई नया काम मिल सकता है, जिसे पूरा करने में आप सफल भी होंगे। शाम को परिवार वालों के साथ मौज–मस्ती में समय बिता सकता हैं।पारिवारिक जीवन खुशहाल बनेगा। आप माता–पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं।

कुंभ राशि–आज जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको कुछ लोगों से पूरा–पूरा सहयोग मिलेगा। आज आपको अचानक धन–लाभ हो सकता है। कुछ दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन काफी बेहतर रहेगा। किस्मत आप पर मेहरबान रहेगी।

मीन राशि–आज अपनी प्रतिष्ठा में वृद्धि लाने के लिए आपको कई अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। घर पर कुछ मेहमान आ सकते हैं, जिससे आपका मन खुश हो जायेगा। जीवनसाथी के साथ तालमेल बना रहेगा। घर की सुख–समृद्धि में बढ़ोतरी हो सकती है।

# श्रंचंद के पूर्व पीएम शिंजो आबे की पत्नी से मिले एस जयशंकर, सौंपा पीएम मोदी का निजी पत्र

भारत–जापान संबंधों को आगे बढ़ाने में प्रधानमंत्री शिंजो आबे के अमूल्य योगदान को याद किया। जयशंकर ने कहा कि दिवंगत पीएम की मां श्रीमती योको आबे के हाल ही में निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी का एक निजी पत्र सौंपा। आबे जापान के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने 2006 से 2007 तक और फिर 2012 से 2020 तक पद संभाला था।विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को जापान के दिवंगत प्रधान मंत्री शिंजो आबे की पत्नी अकी आबे से मुलाकात की और भारत–जापान संबंधों को आगे बढ़ाने में दिवंगत प्रधान मंत्री के अमूल्य योगदान को याद किया। 67 वर्षीय आबे की 8 जुलाई, 2022 को जापान के नारा में



एक चुनाव अभियान भाषण के दौरान गोली लगने से मृत्यु हो गई। मंत्री ने कहा कि इस बार अपनी टोक्यो यात्रा पर दिवंगत प्रधानमंत्री शिंजो आबे की पत्नी श्रीमती अकी आबे से मुलाकात हुई। भारत–जापान संबंधों को आगे बढ़ाने में प्रधानमंत्री शिंजो आबे के अमूल्य योगदान को याद किया। जयशंकर ने कहा कि दिवंगत पीएम की मां श्रीमती योको आबे के हाल ही में निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी का एक निजी पत्र सौंपा। आबे जापान के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने 2006 से 2007 तक और फिर 2012 से 2020 तक पद संभाला था। 2022 में आबे की मृत्यु के बाद प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने एक भावनात्मक नोट में उन्हें जापान का एक उत्कृष्ट नेता बताया। मोदी ने कहा कि आबे के निधन से जापान और दुनिया ने एक महान दूरदर्शी खो दिया है और उन्होंने एक प्रिय मित्र खो दिया है। आबे ने हमेशा भारत के साथ जापान के रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और दिवंगत प्रधानमंत्री ने द्विपक्षीय नागरिक परमाणु समझौते, एक प्रमुख व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने जैसी ऐतिहासिक पहल की और नई दिल्ली को क्वाड समूह में शामिल होने के लिए राजी किया। आबे ने 16 फरवरी, 2011 को हस्ताक्षरित और 1 अगस्त, 2011 को लागू हुए भारत–जापान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (आईजेसीईपीए) की बाधाओं को भी दूर कर दिया था। ष्प्रब्च्। भारत द्वारा अन्य देशों के साथ अब तक संपन्न सबसे व्यापक समझौतों में से एक है।

# जयशंकर ने ऐसा क्या कहा, सुनकर रूस भी हो जाएगा मुरीद, पश्चिमी देशों की हो गई बोलती बंद

पश्चिमी देशों पर स्पष्ट रूप से कटाक्ष करते हुए, एस जयशंकर ने कहा कि लोग जब सिद्धांतों को उपयुक्त मानते हैं तो उन्हें चुन लेते हैं और जब अनुकूल नहीं होता तो इसे अनदेखा कर देते हैं। एस जयशंकर इस समय जापान दौरे पर हैं। यूक्रेन युद्ध पर भारत द्वारा रूस की आलोचना नहीं करने से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत के क्षेत्र पर दूसरे देश ने कब्जा कर लिया है लेकिन दुनिया ने इस मामले पर चुप्पी साध रखी है। पश्चिमी देशों पर स्पष्ट रूप से कटाक्ष करते हुए, एस जयशंकर ने कहा कि लोग जब सिद्धांतों को उपयुक्त मानते हैं तो उन्हें चुन लेते हैं और जब अनुकूल नहीं होता तो इसे



अनदेखा कर देते हैं। एस जयशंकर इस समय जापान दौरे पर हैं। एक जापानी पत्रकार ने एस जयशंकर से पूछा कि क्या यूक्रेन के क्षेत्रीय उल्लंघन पर रूस की आलोचना नहीं करने के भारत के फैसले को ष्दोहरे मानकष माना जाना चाहिए। एस जयशंकर ने कहा कि मेरी स्थिति यह होगी कि दुनिया एक जटिल जगह है और दुनिया में कई महत्वपूर्ण सिद्धांत और मान्यताएँ हैं। विश्व राजनीति में कभी–कभी ऐसा होता है कि देश एक मुद्दा, एक स्थिति, एक सिद्धांत चुनते हैं और वे इसे उजागर करते हैं क्योंकि यह उनके अनुकूल होता है। लेकिन अगर कोई सिद्धांत को ही देखे, तो हम भारत में लगभग किसी भी अन्य देश की तुलना में बेहतर जानते हैं क्योंकि हमारी आजादी के तुरंत बाद, हमने आक्रामकता का अनुभव किया, हमने अपनी सीमाओं को बदलने के प्रयास का अनुभव किया। उन्होंने आगे कहा कि आज भी भारत के कुछ हिस्सों पर दूसरे देश का कब्जा है। लेकिन हमने यह कहते हुए विश्व की प्रतिक्रिया नहीं देखी, ओह, इसमें एक महान सिद्धांत शामिल है, और इसलिए, आइए हम सभी भारत के साथ चलें।

हां, आज हमें बताया जा रहा है कि इसमें सिद्धांत शामिल हैं। काश मैंने उस सिद्धांत को पिछले 80 वर्षों से क्रियान्वित होते देखा होता।

मैंने देखा है कि उन सिद्धांतों को तब चुना जाता है जब वे लोगों के लिए उपयुक्त होते हैं, न कि तब जब वे लोगों के लिए उपयुक्त नहीं होते हैं।

# इजरायल में टैंक रोधी मिसाइल हमले में मारे गए भारतीय श्रमिक का शव स्वदेश भेजा गया

हमले में वाजाथोप के निवासी 31 वर्षीय बुश जोसेफ जॉर्ज और वागामोन के रहने वाले 28 वर्षीय पॉल मेल्विन घायल हो गए थे, जिसके बाद उन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इजराइल में लेबनान से दागी गई टैंक रोधी मिसाइल के हमले में मारे गए भारतीय श्रमिक पी. मैक्सवेल का शव बृहस्पतिवार शाम भारत भेजा गया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। मैक्सवेल (30) केरल के कोल्लम के रहने वाले थे। इजराइल के गृह मंत्री मोशे अर्बेल, जनसंख्या एवं आव्रजन प्राधिकरण (पीआईबीए) के महानिदेशक, इजराइली विदेश मंत्रालय के अधिकारी और भारतीय दूतावास के वरिष्ठ राजनयिक बृहस्पतिवार शाम मैक्सवेल के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। भारत के लिए इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''गृह मंत्री मोशे अर्बेल और उनकी टीम के वरिष्ठ सदस्यों के नेतृत्व में कृषि मंत्रालय का एक उच्च–स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भारतीय नागरिक मैक्सवेल के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में गया। मैक्सवेल एक खेत में काम कर रहे थे तभी हिजबुल्ला के रॉकेट हमले में उनकी मौत हो गई। ओम शांति।'' एअर इंडिया की उड़ान



संख्या एआई 140 के जरिए शव दिल्ली ले जाया गया और वहां से उसे शुक्रवार को भारतीय समयानुसार अपराह्न तीन बजे एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 801 से तिरुवनंतपुरम भेजा जाएगा। इस हमले में सात अन्य कर्मचारी घायल हो गए, जिनमें केरल के मूल निवासी दो भारतीय भी शामिल हैं। हमले में वाजाथोप के निवासी 31 वर्षीय बुश जोसेफ जॉर्ज और वागामोन के रहने वाले 28 वर्षीय पॉल मेल्विन घायल हो गए थे, जिसके बाद उन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

# अमेरिकी संसद से ट्रंप और पुतिन दोनों को बाइडेन की दो टूक, झुकूंगा नहीं...

बाइडेन ने अपने संबोधन में आव्रजन, गर्भपात, अर्थव्यवस्था और गाजा को भी कवर किया। डेमोक्रेट्स की ओर से जोर–जोर से नारों और कुछ रिपब्लिकन की ओर से धक्का–मुक्की के साथ ही हाउस चौंबर का माहौल कई बार शोरगुल वाला नजर आया। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने स्टेट ऑफ द यूनियन में अपना संबोधन दिया। बाइडेन ने अपने संबोधन में डोनाल्ड ट्रम्प पर बार–बार तीखा हमला किया। इसके साथ ही ट्रंप के चुनावी कैंपेन के व्यापक विषयों को भी टारगेट किया। बाइडेन ने एक घंटे से अधिक समय तक चले भाषण में ट्रम्प को संदर्भित करने के लिए 13 बार ष्मेरे पूर्ववर्तीष शब्द का इस्तेमाल किया। उन्होंने अपने संभावित चुनावी प्रतिद्वंद्वी पर रूस के सामने झुकने का आरोप लगाया और कैपिटल दंगे को लेकर भी निशाना साधा। बाइडेन ने अपने संबोधन में आव्रजन, गर्भपात, अर्थव्यवस्था और गाजा को भी कवर किया। डेमोक्रेट्स की ओर से जोर–जोर से नारों और कुछ रिपब्लिकन की ओर से धक्का–मुक्की के साथ ही हाउस चौंबर का माहौल कई बार शोरगुल वाला नजर आया। आश्चर्य की बात नहीं है कि उनके कई तंज ट्रम्प को ही लेकर रहे। नवंबर के आम चुनाव में ट्रंप का प्रतिद्वंद्वी बनना लगभग तय है। उन्होंने ट्रम्प के कोविड महामारी से निपटने के संदर्भ में कहा कि मेरे पूर्ववर्ती अमेरिकी लोगों के लिए किसी भी राष्ट्रपति के सबसे बुनियादी कर्तव्य को पूरा करने में विफल रहे है। उन्होंने रूस और नाटो के बारे में अपनी हालिया टिप्पणियों के लिए ट्रम्प की आलोचना की और कहा कि उन्होंने 6 जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल पर हमले के बारे में सच्चाई को दबाने की कोशिश की गई। उन्होंने गर्भपात के अधिकार की गारंटी देने वाले रो वी वेड फैसले को पलटने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले और द्विदलीय आव्रजन सुधारों को अवरुद्ध करने के लिए उन्हें दोषी ठहराया। इस बीच, ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर भाषण पर वास्तविक समय में प्रतिक्रिया देने का वादा



किया था। उन्होंने लिखा कि बाइडेन अपने रिकॉर्ड से भाग रहे हैं और उस भयावह तबाही की जवाबदेही से बचने के लिए पागलों की तरह झूठ बोल रहे हैं जो उन्होंने और उनकी पार्टी ने पैदा की है। उन्होंने कहा कि वे उन्हीं नीतियों को जारी रखते हैं जिनके कारण यह हॉरर शो चल रहा है। क्या रही बाइडेन के संबोधन की बड़ी बातें हम चीन और उसके गलत तरह से व्यापार करने के तरीकों के खिलाफ खड़ें हैं। हम चीन से कॉनफ्लिक्ट नहीं कॉम्पिटिशन (संघर्ष नहीं प्रतियोगिता) चाहते हैं। हम भारत, जापान, साउथ कोरिया जैसे देशों के साथ नए सिरे से रिश्ते आगे बढ़ा रहे। हम ताइवान स्ट्रेट में शांति का समर्थन करते हैं। ट्रम्प और उनके साथियों ने 6 जनवरी, 2021 को हुए दंगों से जुड़ी सच्चाई को दबाने की कोशिश की। उन्हें यह समझने की जरूरत है कि हम देश को सिर्फ तब प्यार नहीं कर सकते जब हम चुनाव जीत रहे हैं। मैं कोरोना से समय सत्ता में आया। आर्थिक तौर पर देश खस्ताहाल में था। लेकिन हमारी सरकार ने इसे फिर से उठाया। आज अमेरिका की अर्थव्यवस्था से लोग जलते हैं। हमने तीन साल में 1.5 करोड़ नई नौकरियों के अवसर दिए हैं।

# एस जयशंकर ने शिंजो आबे की पत्नी से मुलाकात की, प्रधानमंत्री मोदी का निजी पत्र सौंपा

आबे ने भारत के साथ जापान के रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने को हमेशा ''शीर्ष प्राथमिकता'' दी और उन्होंने द्विपक्षीय असैन्य परमाणु समझौते, एक अहम व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर और नयी दिल्ली को चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद 'क्वाड' समूह में शामिल होने के लिए राजी करने जैसी कई ऐतिहासिक पहल कीं।तोक्यो। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की पत्नी अकी आबे से शुक्रवार को मुलाकात की और भारत–जापान संबंधों को आगे बढ़ाने में दिवंगत प्रधानमंत्री के अमूल्य योगदान को याद किया। आबे (67) की आठ जुलाई 2022 को जापान



के नारा में एक चुनाव प्रचार अभियान के दौरान गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''इस बार तोक्यो की यात्रा के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की पत्नी अकी आबे से मुलाकात की। भारत–जापान संबंधों को आगे बढ़ाने में प्रधानमंत्री शिंजो आबे के अमूल्य योगदान को याद किया उन्होंने कहा, ''दिवंगत प्रधानमंत्री की मां योको आबे के हाल में हुए निधन पर संवेदना व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक निजी पत्र सौंपा।'' शिंजो आबे जापान के सबसे लंबे वक्त तक प्रधानमंत्री रहे। वह 2006 से 2007 और फिर 2012 से 2020 तक देश के प्रधानमंत्री पद पर रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने 2022 में आबे की मौत के बाद एक पत्र में उन्हें जापान का उत्कृष्ट नेता बताया था। मोदी ने कहा था कि आबे के निधन से जापान और दुनिया ने एक महान दूरदर्शी नेता तथा उन्होंने एक प्रिय मित्र खो दिया है। आबे ने भारत के साथ जापान के रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने को हमेशा ''शीर्ष प्राथमिकता'' दी और उन्होंने द्विपक्षीय असैन्य परमाणु समझौते, एक अहम व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर और नयी दिल्ली को चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद 'क्वाड' समूह में शामिल होने के लिए राजी करने जैसी कई ऐतिहासिक पहल कीं।

# अगर जेल में बंद इमरान खान को कुछ हुआ तो... पीटीआई ने मौजूदा सरकार को लेकर किया बड़ा दावा

आतंकवादी देश भर की अन्य जेलों के बजाय केवल अदियाला जेल को ही निशाना क्यों बनाते हैं। उनका यह बयान काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) द्वारा तीन ष्अफगानष आतंकवादियों को गिरफ्तार करने और उनके कब्जे से अदियाला जेल का नक्शा, एक हैंड ग्रेनेड और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद करने का दावा करने के बाद आया है। पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के प्रवक्ता शोएब शाहीन ने कहा कि अगर जेल में बंद पार्टी के संस्थापक इमरान खान को कुछ हुआ तो मौजूदा सरकार और प्रतिष्ठान जिम्मेदार होंगे। शाहीन ने गुरुवार को इस्लामाबाद में पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) कार्यालय के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पीटीआई संस्थापक को धमकाने और हत्या करने का प्रयास किया जा रहा है। आतंकवादी देश भर की अन्य जेलों के बजाय केवल अदियाला जेल को ही निशाना क्यों बनाते हैं। उनका यह बयान काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) द्वारा तीन ष्अफगानष आतंकवादियों को गिरफ्तार करने और उनके कब्जे से अदियाला जेल का नक्शा, एक हैंड ग्रेनेड और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव



डिवाइस (आईईडी) बरामद करने का दावा करने के बाद आया है। खान, अपने कार्यालय से बाहर होने वाले एकमात्र प्रधानमंत्री वर्तमान में रावलपिंडी की अडियाला जेल में कैद हैं क्योंकि वह तोशाकाना, गैर–इस्लामिक विवाह और सिफर मामले में कई सजा काट रहे हैं। नवंबर 2022 में खान की हत्या का असफल प्रयास भी किया गया था जब वह वजीराबाद में सरकार विरोधी रैली का नेतृत्व कर रहे थे। उनके पैर में गोली लगी है। खान के चुनाव लड़ने में असमर्थ होने और सलाखों के पीछे रहने के बावजूद, उनकी पार्टी ने नेशनल असेंबली में बड़ी संख्या में सीटें हासिल कीं, और पार्टी के नेताओं का दावा है कि उनका जनादेश ष्चोरीष हो गया था या उन्होंने और भी बड़ी संख्या हासिल की होती। पत्रकारों से बातचीत में शाहीन ने आरोप लगाया कि 2024 के राष्ट्रव्यापी चुनाव परिणामों से संबंधित रिकॉर्ड के साथ छेड़छाड़ के बाद कुछ मतदान केंद्रों पर वोटों की औसत गिनती 99.99: तक दिखाई गई थी जो तथ्यात्मक रूप से असंभव थी। राजनेता–सह–वकील ने घोषणा की कि उनकी पार्टी ने जल्द ही एक श्वेत पत्र जारी करने का फैसला किया है।

# 2020 में सीमा पर हिंसा के लिए चीन जिम्मेदार, लंबे समय से चले आ रहे लिखित समझौतों का नहीं किया पालन, जापान में बोले जयशंकर

जापान की दो दिवसीय यात्रा पर जयशंकर ने बदलती विश्व व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि इंडो–पैसिफिक में एक बहुत बड़े शक्ति परिवर्तन की वास्तविकता है। जब क्षमताओं और प्रभाव और संभवतः महत्वाकांक्षाओं में बहुत बड़े बदलाव होते हैं, तो सभी महत्वाकांक्षाएं और रणनीतिक परिणाम भी जुड़े होते हैं। चीन पर कटाक्ष करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि बीजिंग ने भारत के साथ लंबे समय से चले आ रहे लिखित समझौतों का पालन नहीं किया है और 2020 में सीमाओं पर रक्तपात के लिए उसे दोषी ठहराया, जो चार दशकों से अधिक समय में पहली बार हुआ। यहां थिंक टैंक के एक कार्यक्रम, टोक्यो में उद्घाटन रायसीना गोलमेज सम्मेलन में बोलते हुए, जयशंकर ने यह भी बताया कि कैसे वह शेष विश्व के प्रति रूस की दिशा में बदलाव की उम्मीद करते हैं और वह संभवतः एशिया में कई विकल्प चाहता है। जापान की दो दिवसीय यात्रा पर जयशंकर ने बदलती विश्व व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि इंडो–पैसिफिक में एक बहुत बड़े शक्ति परिवर्तन की वास्तविकता है। जब क्षमताओं और प्रभाव और संभवतः महत्वाकांक्षाओं में बहुत बड़े बदलाव होते हैं, तो सभी महत्वाकांक्षाएं और रणनीतिक परिणाम भी जुड़े होते हैं। अब, यह कोई मुद्दा नहीं है कि आपको यह पसंद है या आपको यह पसंद नहीं है। वहां एक वास्तविकता है, आपको उस वास्तविकता से निपटना होगा। उन्होंने कहा और आगे कहा कि




आदर्श रूप से हम मान लेंगे कि हर कोई कहेगा, ठीक है, चीजें बदल रही हैं, लेकिन आइए इसे जितना संभव हो उतना स्थिर रखें। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से हमने चीन के मामले में अपने अनुभव के पिछले दशक में ऐसा नहीं देखा है, उदाहरण के लिए, 1975 से 2020 के बीच, जो वास्तव में 45 वर्ष है, सीमा पर कोई रक्तपात नहीं हुआ था और 2020 में बदल गया। हम कई चीजों पर असहमत हो सकते हैं, लेकिन जब कोई देश वास्तव में किसी पड़ोसी के साथ लिखित समझौतों का पालन नहीं करता है, तो मुझे लगता है। पैंगोंग झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद 5 मई, 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा हो गया।

# पीएम मोदी कश्मीर में थे, पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने बोला– थैंक्यू

पीएम शहबाज ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में मेरे चुनाव पर बधाई देने के लिए नरेंद्र मोदी को धन्यवाद। पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) के अध्यक्ष शहबाज को मुख्य रूप से सहयोगी पार्टियों पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट–पाकिस्तान के समर्थन से 201 वोट हासिल करने के बाद लगातार दूसरी बार देश के प्रधान मंत्री के रूप में चुना गया। प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को दो कट्टर प्रतिद्वंद्वी राज्यों के प्रमुखों के बीच एक दुर्लभ सार्वजनिक आदान–प्रदान में, शीर्ष पद संभालने पर उन्हें बधाई देने के लिए अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। पीएम शहबाज ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा, पाकिस्तान



के प्रधानमंत्री के रूप में मेरे चुनाव पर बधाई देने के लिए नरेंद्र मोदी को धन्यवाद। पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) के अध्यक्ष शहबाज को मुख्य रूप से सहयोगी पार्टियों पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट–पाकिस्तान के समर्थन से 201 वोट हासिल करने के बाद लगातार दूसरी बार देश के प्रधान मंत्री के रूप में चुना गया। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को शहबाज शरीफ को पाकिस्तान का प्रधानमंत्री दोबारा चुने जाने पर बधाई दी। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा कि पाकिस्तान के प्रधान मंत्री के रूप में शपथ लेने पर शहबाज शरीफ को बधाई। एक दिन पहले संसदीय सत्र में चुने जाने के बाद शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान के नए प्रधान मंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान की जगह अप्रैल 2022 से अगस्त 2023 तक इसी पद पर रहे, जिन्हें अविश्वास मत के बाद बाहर कर दिया गया था। शहबाज तीन बार के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के छोटे भाई हैं। उनकी नियुक्ति विवादास्पद है क्योंकि पिछले महीने संसदीय चुनावों में उनके विरोधियों ने दावा किया था कि उनके पक्ष में धांधली हुई थी।

# आपराधिक छूट संबंधी ट्रंप की दलील, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट 25 अप्रैल को करेगा सुनवाई

न्यायाधीश निचली अदालत द्वारा ट्रम्प के अभियोजन से छूट के दावे को खारिज करने की समीक्षा करेंगे क्योंकि वह राष्ट्रपति थे जब उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडेन की चुनावी जीत को उलटने के उद्देश्य से कार्रवाई की थी। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 25 अप्रैल की तारीख तय की है, जिसमें डोनाल्ड ट्रंप के 2020 के चुनावी नुकसान को पलटने के उनके प्रयासों से संबंधित आरोपों पर अभियोजन से राष्ट्रपति की छूट के दावे पर सुनवाई की जाएगी – जो कि उनके वर्तमान कार्यकाल की मौखिक दलीलों का आखिरी दिन है। मामले को उठाने के लिए सहमत होने के एक सप्ताह बाद अदालत ने अपना अद्यतन तर्क कैलेंडर जारी किया और विशेष वकील जैक स्मिथ द्वारा चलाए जा रहे आपराधिक मुकदमे को रोककर पूर्व राष्ट्रपति को बढ़ावा दिया। इसने पहले खुलासा किया था कि वह किस सप्ताह मामले की सुनवाई करेगा लेकिन सटीक तारीख नहीं बताई थी। न्यायाधीश निचली अदालत द्वारा ट्रम्प के अभियोजन से छूट के दावे को खारिज करने की समीक्षा करेंगे क्योंकि वह राष्ट्रपति थे जब उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडेन की चुनावी जीत को उलटने के उद्देश्य

# फिल्म मैदान का दमदार ट्रेलर हुआ रिलीज, फुटबाल कोच की भूमिका में जमे अजय देवगन



अजय देवगन की फिल्म मैदान को लेकर काफी चर्चा बनी हुई है. अब आखिरकार मेकर्स ने लंबे इंतजार के बाद फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे देखने के बाद फिल्म के लिए काफी उत्सुकता बढ़ गई है. डायरेक्टर अमित शर्मा मैदान के साथ इस बार स्पोर्ट्स ड्रामा पर दांव खेलने जा रहे हैं. वहीं, 2 मिनट 43 सेकंड के इस ट्रेलर में अजय देवगन फिर से अपने दमदार अंदाज से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए बिल्कुल तैयार है. बीते बुधवार को मेकर्स ने मैदान का टीजर जारी करते हुए इसके ट्रेलर का ऐलान किया था. इसके बाद से ही सुबह से फैंस इसका इंतजार कर रहे थे. ट्रेलर में 1952 से लेकर 1962 तक का दौर दिखाया गया है.इस समय को भारतीय फुटबॉल का गोल्डन एरा माना जाता है. सच्ची घटना पर आधारित मैदान में फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम के कड़े संघर्ष को दिखाया गया है. उनके बाद ही भारतीय टीम ने एशियाई गेम्स में कई गोल्ड मेडल अपने नाम किए.फिल्म में अजय देवगन को पूर्व भारतीय फुटबॉलर और कोच सैयद अब्दुल रहीम का किरदार निभाते हुए देखा जा रहा है. अब मैदान के ट्रेलर ने दर्शकों के बीच काफी उत्सुकता बढ़ा दी है. फिलहाल फिल्म की रिलीज डेट का आधिकारिक तौर पर ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन बताया जा रहा है कि फिल्म ईद के खास मौके पर अप्रैल, 2024 में ही रिलीज होने के लिए बिल्कुल तैयार है.गौरतलब है कि फिल्म में अजय के साथ साउथ फिल्मों की मशहूर एक्ट्रेस प्रियामणि को लीड एक्ट्रेस के तौर पर देखा जा रहा है. फिल्म में उन्होंने सैयद अब्दुल की पत्नी का किरदार निभाया है. उनके अलावा इसमें गजराज राव, रुद्रानील घोष और मधुर मित्तल जैसे सितारे भी अहम किरदारों में नजर आने वाले हैं. अजय देवगन ने ट्रेलर के बाद से काफी उम्मीदें बढ़ा दी हैं.

# रिलीज हुआ योद्धा का गाना तेरे संग इश्क हुआ, सिद्धार्थ–राशि की केमिस्ट्री ने लुटा शो



जैसे–जैसे मोस्ट अवेटेड फिल्म योद्धा की रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है, दर्शकों के बीच एक्साइटमेंट चरम पर पहुंच गई है। हाई–स्टेक हाईजैकिंग एक्शन से भरपूर ट्रेलर ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है और जबरदस्त चर्चा पैदा की है। अब, इस फिल्म का दूसरा गाना, तेरे संग इश्क हुआ, जिसमें करिश्माई जोड़ी सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना हैं, की रिलीज ने उत्साह को और बढ़ा दिया है। अरिजीत सिंह और नीति मोहन द्वारा गाए गए मनोरम रोमांटिक राग में उनकी स्पष्ट केमिस्ट्री चमकती है।

फिल्म योद्धा के मेकर्स ने इसके साउंडट्रैक से दूसरे गाने को रिलीज कर दिया हैं। जिसका नाम तेरे संग इश्क हुआ है। अरिजीत सिंह और नीति मोहन की मंत्रमुग्ध कर देने वाली आवाज ने लाखों दिलों पर कब्जा कर लिया हैं, साथ ही कुणाल वर्मा द्वारा लिखे गए हार्दिक गीत भी हैं।यह गीत सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना द्वारा निभाए गए क्रमशरू अरुण और प्रियंवदा नामक पात्रों के बीच की प्यारी केमिस्ट्री को प्रस्तुत करता है। उनकी ताजा ऑन–स्क्रीन केमिस्ट्री के माध्यम से, प्रेम ट्रैक गर्मजोशी की भावना पैदा करता है, अपनी सुखदायक धुन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देता है। यह गाना कैम्पिंग ट्रिप के सार को दर्शाते हुए सुरम्य स्थानों को दर्शाता है।फैंस ने नए रिलीज हुए गीत के लिए अपनी सराहना व्यक्त करने में कोई समय बर्बाद नहीं किया, दोनों एक्टर्स और सिंगर की तारीफ की। एक उत्साही ने कहा, वाह! आश्चर्यजनक रूप से ताजा, जबकि दूसरे ने सराहना की, सिड और राशी की जोड़ी एकदम सही लग रही है, उनकी केमिस्ट्री बहुत पसंद है। एक टिप्पणी में लिखा था, अरिजीत सिंह और नीति मोहन (दिल) की आवाज।फिल्म डायरेक्टर सागर अंब्रे और पुष्कर ओझा की डायरेक्टेड एक्शन–एंटरटेनर योद्धा, मेंटर डिसिपल एंटरटेनमेंट के सहयोग से अमेजॅन प्राइम और धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा प्रस्तुत की गई है। फिल्म का निर्माण हीरू यश जौहर, करण जौहर, अपूर्व मेहता और शशांक खेतान की टीम ने किया है।सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पटानी और राशि खन्ना की प्रतिभाशाली तिकड़ी, योद्धा अपनी मनोरंजक कहानी और हाई–ऑक्टेन एक्शन दृश्यों के साथ दर्शकों को चकित करने के लिए तैयार है। यह 15 मार्च, 2024 को नाटकीय रिलीज के लिए निर्धारित है।

# जाह्नवी कपूर के जन्मदिन पर प्रशंसकों को तोहफा, राम चरण के साथ फिल्म का हुआ ऐलान

पिछले काफी समय से जाह्नवी कपूर और साउथ के सुपरस्टार राम चरण के साथ आने की खबरें मीडिया में छाई हुई थीं, लेकिन खुद न तो जाह्नवी ने इस पर अपनी मोहर लगाई थी और ना ही अभिनेता ने। अब आखिरकार जाह्नवी के 27वां जन्मदिन के मौके पर उनके प्रशंसकों को उनकी इस नई फिल्म की सौगात मिल गई है। जाह्नवी का एक पोस्टर साझा करते हुए निर्माताओं ने फिल्म में उनका स्वागत कर दिया है।जाने–माने फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने भी एक्स पर लिखा, साउथ के मशहूर निर्देशक बुच्ची बाबू सना की अगली राम चरण अभिनीत फिल्म में जाह्नवी की एंट्री हो चुकी है। यह राम चरण के करियर की 16वीं फिल्म है, इसलिए फिलहाल इसका नाम आरसी 16 रखा गया है।तरण के मुताबिक ये एक पैन इंडिया फिल्म होगी, जिसके लेखक सुकुमार हैं और इसे पुष्पा और पुष्पा 2 की प्रोडक्शन कंपनी मैत्री मूवी मेकर्स के बैनर तले बनाया जा रहा है।जाह्नवी देवरा से साउथ में अपनी शुरुआत कर रही हैं। यह उनकी पहली दक्षिण भारतीय फिल्म है, जिसे लेकर खुद जाह्नवी भी बेहद उत्साहित हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी जूनियर एनटीआर के साथ बनी है।खबरें थीं कि उन्हें इस फिल्म के लिए फीस के तौर पर 5 करोड़ रुपये मिल रहे हैं। बॉलीवुड में जाह्नवी खूब लोकप्रिय हैं और अब वह अपनी मां के नक्शे–कदम पर चलते हुए साउथ में भी अपनी छाप छोडने के लिए तैयार हैं।जाह्नवी ने निर्माता–निर्देशक करण जौहर की फिल्म धड़क से बॉलीवुड में अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी, लेकिन उनकी यह फिल्म न तो बॉक्स ऑफिस पर सफल रही और ना ही जाह्नवी दर्शकों का दिल जीत पाईं।हालांकि, उसके बाद फिल्म गुंजन सक्सेनारू द कारगिल गर्ल में उनकी तारीफ हुई। उधर मिली उनके करियर की प्रदर्शन के लिहाज से सबसे बेहतर फिल्म साबित हुई।पिछली बार बवाल में भी जाह्नवी ने अपने किरदार के साथ पूरा इंसाफ किया।
जाह्नवी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही को लेकर भी चर्चा में हैं। इसमें उनकी जोड़ी राजकुमार राव संग बनी है, जो उनके साथ फिल्म रूही में दिखे थे। शरण शर्मा ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। इसमें अभिषेक बनर्जी



और जरीना वहाब जैसे कलाकार भी हैं।इसके अलावा जाह्नवी के खाते से फिल्म उलझ जुड़ी है, जिसमें उनके साथ गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू नजर आएंगे।अभिनेत्री फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में भी मुख्य भूमिका निभाएंगी।

# सोनाक्षी सिन्हा के हाथ लगी विशाल राणा की रोमांटिक थ्रिलर फिल्म, अभिनेत्री ने जताई खुशी

सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को लेकर खबरों का हिस्सा बनी हुई हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।अब बड़े मियां छोटे मियां की रिलीज से पहले सोनाक्षी के हाथ विशाल राणा की फिल्म लगी है, जिसका शीर्षक फिलहाल तय नहीं है।इस फिल्म के निर्देशन की कमान करण रावल ने संभाली है। फिल्म की कहानी रोमांस और थ्रिल से भरपूर होगी।



सोनाक्षी ने करण और विशाल के साथ तस्वीर साझा खुशी जाहिर की।उन्होंने लिखा, जब तीन लोग, जो अपने काम से प्यार करते हैं, उसके प्रति जुनूनी होते हैं और दर्शकों को रोमांचित करने के लिए एक साथ आते हैं तो आपको एक रोमांटिक थ्रिलर मिलती है। इस फिल्म में एक ऐसा मोड़ होगा, जिसे आप नहीं भूल पाएंगे।उन्होंने लिखा, निर्माता विशाल राण और निर्देशक करण रावल के साथ एक फिल्म पर सहयोग करने में खुशी हो रही है।
सोनाक्षी ने कहा, यह इकोलोन प्रोडक्शंस के साथ मेरा पहला प्रोजेक्ट है और मैं हमेशा नई और रोमांचक भूमिकाएं निभाने की तलाश में रहती हूं। यह मेरे लिए एक और अनजान शैली है, इसलिए मैं इस रोमांचक भूमिका में उतरने के लिए बेताब हूँ।
फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। फिल्म के अन्य विवरण अभी गुप्त हैं।
राणा ने बतायारू मैं ऐसी अद्भुत टीम के साथ यह यात्रा शुरू करने के लिए रोमांचित हूं। सोनाक्षी और करण जैसी प्रतिभाओं के साथ काम करना वाकई रोमांचक है। मैं स्क्रीन पर हमारे विजन को जीवंत होते देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। यह एक रोमांचक साहसिक काम की शुरुआत भर है। मैं और इंतजार नहीं कर सकता! करण रावल इससे पहले 2020 में विक्रांत मैसी और नसीरुद्दीन शाह अभिनीत हाफ फुल का निर्देशन कर चुके हैं।

# सस्पेंस से भरपूर मर्डर मुबारक का ट्रेलर हुआ रिलीज, 15 मार्च को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी सारा, करिश्मा की फिल्म

एक हत्या, कई संदिग्ध और व्होडुनिट का क्लासिक केस। रॉयल दिल्ली क्लब में सेट, मर्डर मुबारक का ट्रेलर, एसीपी भवानी सिंह (पंकज त्रिपाठी) की यात्रा को दर्शाता है, जो एक मर्डर मिस्ट्री को सुलझाने की कोशिश कर रहा है। बीटीडब्ल्यू, क्या हमने उल्लेख



किया कि सामान्य संदिग्धों में सारा अली खान, विजय वर्मा, डिंपल कपाडिया, करिश्मा कपूर, संजय कपूर, टिस्का चोपड़ा शामिल हैं। सभी कुछ बिंदु पर संदिग्ध हत्यारे हैं, लेकिन उन सभी में किसी भी प्रकार के पश्चाताप की कमी है। पंकज त्रिपाठी के लिए इस मर्डर मिस्ट्री को सुलझाना आसान नहीं होगा, जिसका मतलब है कि इसमें सस्पेंस की भरमार है। फिल्म में सुहैल नैय्यर भी हैं। ट्रेलर पंकज त्रिपाठी की एक तरह की चेतावनी के साथ समाप्त होता है कि एक हत्यारे की सबसे खतरनाक विशेषता यह हो सकती है कि वो साधारण हैं। आपको बता दें कि मंगलवार, 5 मार्च को मर्डर मुबारक के ट्रेलर को शेयर किया गया है। इस फिल्म के ट्रेलर को रिलीज करते हुए नेटफ्लिक्स इंडिया ने कैप्शन में लिखा, खतरनाक रहस्य, अप्रत्याशित मोड़ और रॉयल दिल्ली क्लब के क्रेजी रिच सदस्यय यह कहने का समय है मर्डर मुबारक! प्त मर्डर मुबारक, 15 मार्च को आ रहा है, केवल नेटफ्लिक्स पर। मर्डर मुबारक अनुजा चौहान के उपन्यास क्लब यू टू डेथ पर आधारित है। मर्डर मिस्ट्री का निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है और इसे दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। श्मर्डर मुबारकच्य ओटीटी दिग्गज नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है। यह फिल्म 15 मार्च को रिलीज होगी।

# शत्रुघ्न सिन्हा, आशुतोष राणा और सनी लियोन स्टारर गन्स आफ गाजियाबाद का पोस्टर हुआ रिलीज, यह क्राइम सीरीज 90 के दशक पर होगी बेस्ड

फिल्मों में शत्रुघ्न सिन्हा की अदाकारी दर्शकों ने खूब देखी है। अभिनेता अब ओटीटी की दुनिया में दस्तक देने वाले हैं। इसकी बोहनी वे सीरीज गैंग्स ऑफ गाजियाबाद से कर रहे हैं। इसकी शूटिंग वे पूरी कर चुके हैं। आज इसका फर्स्ट लुक पोस्टर भी जारी कर दिया गया है।शत्रुघ्न सिन्हा लंबे वक्त से फिल्मी दुनिया से दूर राजनीति में सक्रिय हैं। वे आसनसोल लोकसभा सीट से



टीएमसी सांसद हैं। अब एक बार फिर अभिनेता अपने अभिनय का जादू दर्शकों पर चलाने आ रहे हैं। हालांकि, इस बार वह ओटीटी के जरिए मनोरंजन करने वाले हैं। वह वेब सीरीज गैंग्स ऑफ गाजियाबाद में अपने अभिनय से दर्शकों को खामोश करने वाले हैं।

इस वेब सीरीज का निर्देशन नागेंद्र चौधरी ने किया है। शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट साझा कर उनके साथ काम करने का अनुभव साझा किया है। अभिनेता ने लिखा है, एक शानदार और अनुभवी निर्देशक नागेंद्र चौधरी के साथ काम करना यादगार अनुभव रहा। सुमन टाकीज की प्रतिभाशाली कास्ट और महान व मेहनती कलाकारों के साथ काम करते हुए अच्छा लगा। अभिनेता ने आगे लिखा, अपनी डेब्यू ओटीटी सीरीज गैंग्स ऑफ गाजियाबाद का फर्स्ट लुक पोस्टर आप सभी के साथ साझा कर रहा हूं। यह अपराध, दोस्ती और मुक्ति की एक शानदार कहानी है। इसका निर्माण विनय कुमार और प्रदीप नागर ने किया है। नागेंद्र चौधरी ने इसका निर्देशन करने के साथ–साथ इसे लिखा भी है। यह सीरीज 90 के दशक के अंडरवर्ल्ड की दुनिया की एक रोमांचक यात्रा पर ले जाएगी।

# आयशा शर्मा ने शेयर कीं दिलकश तस्वीरें, व्हाइट टाप और लाइट ब्लू डेनिम में ढा रहीं हुस्न का जलवा



बॉलीवुड अभिनेत्री आयशा शर्मा इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से धमाल मचा रही हैं. उन्होंने हाल ही में एक तस्वीर सीरीज साझा की है, जिसमें वह व्हाइट टॉप और लाइट ब्लू डेनिम में बेहद खूबसूरत लग रही हैं. तस्वीरों में आयशा शर्मा खुले बालों और लाइट मेकअप के साथ नजर आ रही हैं. उनका पोज कॉन्फिडेंट और स्टाइलिश है, जिसने उनके फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया है. आयशा शर्मा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी खूबसूरत तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं. वह अपने फैशन सेंस और स्टाइल के लिए भी जानी जाती हैं.सफेद रंग में आयशा शर्मा कमाल कर रही हैं. एक प्रतिभाशाली अभिनेत्री और मॉडल आयशा शर्मा अपनी शानदार इंस्टाग्राम तस्वीरों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रही हैं।

एक हालिया पोस्ट में, वह एक सफेद बनियन और नीली डेनिम पहने हुए एक लापरवाह माहौल का अनुभव कर रही है, जबकि वह एक कुर्सी पर बैठी हुई है और उसके बाल खुले में लहरा रहे हैं। कैप्शन, एस्प्रेसो के ट्रिपल शॉट से भी अधिक मजबूत, छवि में मजबूती का स्पर्श जोड़ता है, और इसके प्रभाव को बढ़ाता है। इन मनमोहक छवियों का श्रेय लेरोफोटो को जाता है, जिसमें मेकअप और हेयरस्टाइल प्रियंका चौरसिया ने कुशलता से किया है।

मनोरंजन उद्योग में आयशा शर्मा की यात्रा उनकी इंस्टाग्राम उपस्थिति जितनी ही प्रभावशाली है। हिंदी एक्शन थ्रिलर सत्यमेव जयते (2018) में अभिनय की शुरुआत करने से पहले उन्हें पहली बार आयुष्मान खुराना के संगीत वीडियो, इक वारी से पहचान मिली, जहां उन्होंने जॉन अब्राहम और मनोज बाजपेयी के साथ स्क्रीन साझा की। अपने अभिनय करियर से पहले, शर्मा ने एक मॉडल के रूप में शुरुआत की और लैक्मे, पेप्सी और कैंपस

# यामी गौतम की आर्टिकल 370 का शानदार प्रदर्शन जारी, लापता लेडीज की दैनिक कमाई में गिरावट जारी

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता आदित्य सुहास जंभाले के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल 370 का जलवा बॉक्स ऑफिस पर बरकरार है।इसमें यामी गौतम मुख्य भूमिका में हैं, जिन्होंने एक इंटेलिजेंस ऑफिसर का किरदार निभाया है। उन्होंने अपनी उम्दा अदाकारी से तमाम दर्शकों का दिल जीत लिया है।वीकेंड पर ध्आंधार कमाई करने के बाद कामकाजी दिनों में भी यह फिल्म काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है।आइए जानते हैं आर्टिकल 370 ने 13वें दिन कितने करोड़ रुपये का कारोबार किया।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, 13वें दिन यानी दूसरे बुधवार आर्टिकल 370 ने 1.60 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 55.95 करोड़ रुपये हो गया है।दुनियाभर में भी इस फिल्म का खूब डंका बज रहा है। यह फिल्म अब तक 77.07 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर चुकी है।टिकट खिड़की पर आर्टिकल 370 का सामना लापता लेडीज



और तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया से हो रहा है।आर्टिकल 370 के निर्देशन की कमान आदित्य सुहास जंभाले ने संभाली है और फिल्म का निर्माण यामी के पति और निर्देशन आदित्य धर ने किया है।किरण राव के निर्देशन में बनी फिल्म लापता लेडीज शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए तरसती नजर रही है।हर गुजरते दिन के साथ फिल्म की कमाई की रफ्तारी धीमी होती जा रही है।पिछले कुछ दिनों से इसकी दैनिक कमाई में काफी उतार–चढ़ाव देखने को मिल रहा है, जो अब लाखों में सिमट गई है।अब लापता लेडीज की कमाई के छठे दिन के आंकड़े सामने आए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, लापता लेडीज ने अपनी रिलीज के छठे दिन यानी बुधवार को 50 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 5.45 करोड़ रुपये हो गया है।दुनियाभर में यह फिल्म अब तक 7.49 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर चुकी है।टिकट खिड़की पर लापता लेडीज का सामना यामी गौतम की आर्टिकल 370 और शाहिद कपूर–कृति सैनन की तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया से हो रहा है।आमिर खान लापता लेडीज के निर्माता हैं। फिल्म में स्पर्श श्रीवास्तव, नितांशी गोयल, रवि किशन और प्रतिभा रांटा जैसे मुख्य भूमिकाओं में हैं।

# प्रियंका चोपड़ा की चचेरी बहन मीरा की शादी का कार्ड वायरल, जानें कब लेंगी बॉयफ्रेंड के साथ सात फेरे

मीरा चोपड़ा प्रसिद्ध अभिनेत्रियों में से एक हैं और उन्होंने बॉलीवुड और तमिल सहित कई फिल्मों में अभिनय किया है। मीरा चोपड़ा इस समय सही कारणों से सुर्खियों में हैं। एक्ट्रेस अपने बॉयफ्रेंड रक्षित केजरीवाल से शादी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मीरा चोपड़ा प्रसिद्ध अभिनेत्रियों में से एक हैं और उन्होंने बॉलीवुड और तमिल सहित कई फिल्मों में अभिनय किया है। मीरा चोपड़ा इस समय सही कारणों से सुर्खियों में हैं। एक्ट्रेस अपने बॉयफ्रेंड रक्षित केजरीवाल से शादी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उनकी शादी के कार्ड की तस्वीर अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। कार्ड में दी गई जानकारी के अनुसार, शादी का जश्न जयपुर–दिल्ली हाईवे पर ब्यूना विस्टा लक्जरी गार्डन स्पा रिजॉर्ट में होगा। शादी के फंक्शन दो दिनों तक चलेंगे।

